RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 276 जयपुर, गुरूवार, 05 नवम्बर 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

▶ मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला, सीडीएस सुब्रमणि ने की घोषणा

अग्निवीरों को बढ़े हुए वेतन के साथ दो साल का दिया गया एक्सटेंशन

25% को मेरिट के आधार पर नियमित सेवा में लिया जाएगा, 31 दिसंबर तक 18,300 का कार्यकाल पूरा होगा, तीनों सेनाओं में 3.18 लाख अग्निवीर

नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में भारतीय सशस्त्र बलों में अग्निवीर के रूप में सेवा दे रहे युवाओं के लिए बड़ा फैसला किया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने अग्निवीरों के सेवा कार्यकाल में दो साल की बढ़ोतरी की घोषणा की है।



इस बदलाव के तहत अग्निवीरों को चार साल के निर्धारित कार्यकाल के बजाय कुल छह साल तक सेवा देने का अवसर मिलेगा। छह साल बाद भी सेना में नौकरी करने के इच्छुक अग्निवीरों को चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। फिलहाल तीनों सेनाओं में करीब 3.18 लाख अग्निवीर सेवा दे रहे हैं। सीडीएस एनएस राजा सुब्रमणि ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 14 जून 2022 में यह योजना आई थी। तब अग्निवीरों के प्रदर्शन के सतत आकलन की बात कही गई थी। अग्निवीरों के पहले बैच के चार वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। अग्निवीरों के बारे में सकारात्मक फीडबैक मिला है। 25 फीसदी अग्निवीरों को नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा।

क्या अब सभी अग्निवीर छह साल सेना में रहेंगे

नई व्यवस्था के मुताबिक, चार साल पूरे करने वाले शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त सेवा अवसर दिया जाएगा। यह स्पष्ट नहीं है कि सभी अग्निवीरों के लिए यह विस्तार अनिवार्य होगा या इसके लिए अलग शर्तें लागू होंगी। सीडीएस के ऐलान के मुताबिक, अतिरिक्त दो साल की सेवा पूरी करने के बाद नियमित सैनिक बनने का अवसर मिलेगा। लेकिन चयन मेरिट और प्रदर्शन के आकलन के आधार पर होगा। सभी को स्थायी नौकरी की गारंटी नहीं दी गई है। अब अग्निवीर भर्ती में लिखित परीक्षा पहले होगी और फिजिकल टेस्ट बाद में कराया जाएगा। पहले चयन प्रक्रिया में फिजिकल टेस्ट लिखित परीक्षा से पहले होता था। सीडीएस ने सेवा के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण और अनुभव के आधार पर स्किल सर्टिफिकेट देने की जानकारी दी है। इससे अग्निवीरों के सैन्य प्रशिक्षण और कौशल को औपचारिक मान्यता मिलेगी।

यौन शोषण-रेप केसों के जल्द निपटारे के लिए 850 फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनेंगे

कैबिनेट बैठक में यौन शोषण-रेप केसों के जल्द निपटारे के लिए 850 फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि बिजली स्टोर करने के लिए कैबिनेट ने 92 गीगावाट-घंटे क्षमता वाली ग्रिड स्केल एनर्जी स्टोरेज कैपेसिटी योजना के लिए 14,500 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके अलावा डेटा कलेक्शन सिस्टम को अपग्रेड करने के लिए 4,371 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी गई है। साथ ही क्रिटिकल खनिजों की प्रोसेसिंग के लिए भी एक योजना स्वीकृत की गई है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 92 जीडब्ल्यूएच ग्रिड स्केल एनर्जी स्टोरेज कैपेसिटी योजना को मंजूरी देने का उद्देश्य बिजली को बड़े पैमाने पर स्टोर करना है, ताकि जरूरत के समय उसका इस्तेमाल किया जा सके। इससे सौर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा का बेहतर उपयोग हो सकेगा। उन्होंने आगे कहा- एनर्जी स्टोरेज से बिजली ट्रांसमिशन लाइनों की क्षमता का भी बेहतर इस्तेमाल होगा।

क्रिटिकल खनिजों की प्रोसेसिंग को मंजूरी

पंजाब के सीएम मान पर राहुल गांधी का आरोप

चंडीगढ़, आरएनएन। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी वहां पहुंचे हैं। यहां उन्होंने संगरूर में आयोजित इंसाफ रैली में पंजाब की कानून-व्यवस्था, ड्रग्स के मुद्दे और केंद्र सरकार पर हमले किए।

इस दौरान राहुल गांधी ने पंजाब में नशे की समस्या पर बात की और पंजाब के सीएम भगवंत मान पर गंभीर आरोप लगाए। सीएम मान पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, वो लोकसभा में मेरे पास बैठकर चुटकुले सुनाते थे और सुबह 11 बजे भी उनके मुंह से शराब की बू आती थी। राहुल गांधी ने कहा कि शराब पीना उनका निजी मामला हो सकता है, लेकिन अगर आपको नशे के खिलाफ लड़ना है, तो आपका मुख्यमंत्री हर शाम खुद नशा नहीं कर सकता। पंजाब को ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है जो यहां के दर्द को महसूस कर सके।



सुबह 11 बजे उनके मुंह से शराब की बू आती थी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि शाह दावा करते हैं कि वो तीन साल में ड्रग्स खत्म कर देंगे, लेकिन तब तक वो गृह मंत्री नहीं रहेंगे, क्योंकि ये सरकार एक साल के भीतर गायब हो जाएगी।

सीईसी और चुनाव आयुक्तों को मिली ब्लैंकेट इम्यूनिटी को चुनौती

नई दिल्ली/संचार जगत



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को भेजा नोटिस+

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र और चुनाव आयोग से एक याचिका पर जवाब मांगा है। इस याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों को उनके काम के दौरान लिए गए फैसलों के लिए किसी भी कानूनी कार्रवाई से मिली छूट को चुनौती दी गई है।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची तथा जस्टिस वी. मोहन्ना की बेंच ने वकील और एक्टिविस्ट अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा दायर याचिका पर चुनाव आयोग और केंद्र को नोटिस जारी किया है। बार एंड बेंच के अनुसार, यह याचिका मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 16 की सवैधानिक वैधता को चुनौती देती है। याचिका में कहा गया है, ऐसी पूर्ण छूट (ब्लैंकेट इम्यूनिटी) न होने के बावजूद, भारत निर्वाचन आयोग ने कई दशकों तक सफलतापूर्वक चुनाव कराए हैं। इससे पता चलता है कि आयोग अपने सदस्यों को कानूनी कार्रवाई से पूरी छूट दिए बिना भी प्रभावी ढंग से काम कर सकता है। इसमें कहा गया है कि चुनाव आयुक्तों को परेशान करने वाली कानूनी कार्रवाईयों से बचाने का उद्देश्य कम सख्त उपायों से भी पूरा किया जा सकता है, जैसे कि बेबुनियाद शिकायतों के खिलाफ सुरक्षा उपाय और न्यायिक जांच की व्यवस्था। इसलिए, पूर्ण छूट देना जरूरत से ज्यादा है और यह चुनाव आयोग की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए आवश्यक दायरे से बाहर है। याचिका में यह भी कहा गया है कि यह धारा सीईसी और अन्य चुनाव आयुक्तों के कार्यो के खिलाफ किसी भी तरह के सिविल या आपराधिक कानूनी उपाय को खत्म कर देती है।

उदाहरण के लिए, वह मतदाता जिसका नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से हटा दिया गया हो, वह उम्मीदवार जिसे किसी गलत इरादे से किए गए काम से नुकसान हुआ हो, या कोई ऐसा नागरिक जो आयोग के कामकाज और भ्रष्टाचार से पीड़ित हो, इन सभी के पास अब कोई कानूनी रास्ता नहीं बचेगा।

अवैध बजरी परिवहन पर पीपलू पुलिस की बड़ी कार्रवाई

संचार जगत

पीपलू। क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ पीपलू पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध बजरी परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रॉली मय बजरी जब्त की है। हालांकि पुलिस की गाड़ी को देखकर ट्रैक्टर चालक बजरी से भरी ट्रॉली को मौके पर छोड़कर ट्रैक्टर सहित फरार हो गया।

पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रत्नलाल भार्गव एवं वृत्ताधिकारी पीपलू विनोद कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी शिवचरण के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 2 नवंबर 2026 को गश्त के दौरान यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान कच्चे रास्ते पर एक ट्रैक्टर चालक पुलिस वाहन की बत्ती देखकर घबरा गया। वह ट्रैक्टर के पीछे लगी बजरी से भरी ट्रॉली को मौके पर ही छोड़कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रॉली को जब्त कर लिया। आसूचना अधिकारी अमित सिंह कांस्टेबल की सूचना पर ट्रैक्टर चालक की पहचान राकेश बैरवा पुत्र छोटूलाल बैरवा निवासी ढूंढिया, थाना पीपलू के रूप में हुई।

▶ 1,46,600 के पार पहुंचा सोना, चांदी 1,93,000 रु.प्रति किग्रा हुई

यूएस मिडटर्म चुनाव रिजल्ट के बाद सोने व चांदी में बड़ा उछाल

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिका के मिड टर्म चुनाव के रिजल्ट के बाद कमोडिटी बाजार चमक उठा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को हार और डेमोक्रेट्स की जीत का असर सोने चांदी की कीमतों में बड़ी तेजी के रूप में दिख रहा है। निवेशकों की नजरे भी चुनाव परिणाम पर टिकी हुई थी। जिससे अमेरिकी राजनीति में बड़ा उलट फेर हुआ है।

निवेशकों के लिए तो गोल्ड सिल्वर की कीमतों में तेजी बेहतर रिटर्न लेकर आ रही है, लेकिन भारत में धनतेरस, दिवाली के पहले आम जनता की टेंशन बढ़ गई है। पिछले कुछ दिनों से कीमती धातुओं में दबाव देखने को मिल रहा था, जिससे आम जनता राहत की सांस ले रही थी।

अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार कॉमेक्स पर करीब स्पॉट गोल्ड रेट 2.23 प्रतिशत की तेजी के बाद 4,028.20 डॉलर प्रति औन्स और स्पॉट सिल्वर रेट 4.17 प्रतिशत के बड़े उछाल के बाद 51.830 डॉलर प्रति औन्स पर आ गए। आज की तेजी ने पिछले दिनों की गिरावट पर ब्रेक लगा दिया है। घरेलू कमोडिटी बाजार एमसीएक्स पर भी अमेरिकी मिड टर्म चुनाव परिणाम का असर देखने को मिल रहा है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 2.13 प्रतिशत की तेजी के बाद 146,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 3.67 प्रतिशत के उछाल के बाद 1,93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई । सोने से ज्यादा चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है।



रुपया 29 पैसे मजबूत होकर 94.46 प्रति डॉलर पर

रुपये में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 29 पैसे मजबूत होकर 94.46 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और विदेशी पूंजी प्रवाह से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी और अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के नतीजों से वैश्विक निवेशकों की धारणा में सुधार ने भी रुपये को मजबूती दी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.61 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.46 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा और 94.87 के निचले स्तर तक आया। अंत में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 29 पैसे की बढ़त के साथ 94.46 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.75 पर बंद हुआ था, जो नौ पैसे की बढ़त है।

आरबीआई ने किया तकनीकी सलाहकार समिति का गठन

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय बाजारों के लिए तकनीकी सलाहकार समिति के गठन की घोषणा की है। यह कदम 7 अक्टूबर, 2026 को विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर जारी बयान के अनुरूप उठाया गया है।

समिति का लक्ष्य तेजी से बदलते वित्तीय बाजारों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। यह आरबीआई को बाजार प्रतिभागियों और हितधारकों के साथ व्यवस्थित चर्चा का मंच प्रदान करेगी।

समिति मुद्रा बाजार, सरकारी प्रतिभूति बाजार और विदेशी विनिमय बाजार पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसमें इनसे जुड़े व्युत्पन्न बाजार और बुनियादी ढांचे से संबंधित विषय भी शामिल होंगे। आरबीआई के वित्तीय बाजार विनियमन विभाग के प्रभारी उप गवर्नर इस समिति की अध्यक्षता करेंगे। समिति सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और व्युत्पन्न बाजारों के कामकाज की जांच करेगी। यह इनकी कार्यकुशलता, तरलता और लचीलेपन से जुड़े मुद्दों पर गौर करेगी। यह समिति तेजी से बदलते वित्तीय बाजारों और बुनियादी ढांचे को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसका मुख्य कार्य नीतिगत और परिचालन संबंधी मामलों पर व्यवस्थित चर्चा करना है। समिति बाजार में अचानक आने वाली दिक्कतों की पहचान करेगी।



हर तिमाही में होगी समिति की बैठक

समिति की बैठक हर तिमाही में कम से कम एक बार बुलाई जाएगी। इसमें वित्तीय बाजारों पर प्रभाव डालने वाली नई नीतियों पर चर्चा होगी। परिचालन संबंधी परेशानियों को भी बैठक में उठाया जाएगा। आरबीआई के उपायों को लागू करने पर भी विचार-विमर्श होगा। वृहद-आर्थिक बातें भी समिति के संदर्भ की शर्तों में शामिल हैं। यह एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगी।

दो दिवसीय दौरे पर काठमांडू पहुंचे मिसरी



काठमांडू। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर बुधवार को काठमांडू पहुंचे। नेपाल में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला और नेपाल के विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। माना जा रहा है कि यह दौरा नेपाली पीएम बालेंद्र शाह की आगामी भारत यात्रा की नींव तैयार करेगा। अपनी यात्रा के दौरान, मिसरी नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

रेल गुजरने के बाद ट्रैक पर धमाका, सभी सेफ



श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेलवे ट्रैक पर मंगलवार को जोरदार विस्फोट हुआ। यह घटना अनूपगढ़-सूरतगढ़ ट्रेन के गुजरने के तुरंत बाद हुई। विस्फोट से ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। कोई हताहत की खबर नहीं है, क्योंकि विस्फोट ट्रेन के गुजरने के बाद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों और रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल की जांच के बाद ही पूरी जानकारी सामने आएगी।

मुख्यमंत्री ने किया दीपावली रोशनी का शुभारंभ

जयपुर। मुख्यमंत्री शर्मा ने बुधवार को जयपुर के एम.आई. रोड पहुंचकर दीपावली रोशनी का शुभारंभ किया। उन्होंने जैसे ही बटन दबाया, पूरा एम.आई. रोड बाजार जगमगा उठा। इस अवसर पर आमजन में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने भी आमजन का अभिवादन स्वीकार कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

मुश्किलों में घिरे सीईसी ज्ञानेश

रिश्वत का मामला, 20 साल पुराने केस में जांच को मंजूरी

नई दिल्ली/संचार जगत

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। केरलम में उनके



खिलाफ करीब 20 साल पुराने कथित रिश्वत मामले की जांच का रास्ता खुल गया है। राज्य सरकार ने पूर्व लोक निर्माण विभाग सचिव रहे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो को मंजूरी दे दी है। आरोप है कि साल 2006 में केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण का काम पूरा होने के बाद भुगतान जारी करने के बदले 2 करोड़ की रिश्वत मांगी गई थी। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में मंत्री रमेश चेन्निथला ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले ज्ञानेश के खिलाफ जांच की अनुमति दी है। पूर्व पीडबल्यूडी सचिव के खिलाफ कई तरह के आरोप लगाए गए थे, जिन्हें लेकर विजिलेंस विभाग जांच करना चाहता था।

अमेरिका में सीनेटर बने अब्दुल

ओवैसी ने कहा- अब उत्तर प्रदेश में दरी नहीं बिछाएंगे

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिका में हुए 2026 के मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स,



दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है। मिशिगन से सीनेट चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार माइक रोजर्स को हराकर अमेरिकी सीनेट में पहुंचने वाले पहले मुस्लिम व्यक्ति बनने का इतिहास रच दिया है। उनकी इस जीत परएआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है। ओवैसी ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अब्दुल की जीत को उत्तर प्रदेश की सियासत से जोड़ दिया। एक अब्दुल मिशिगन में जीत गया, अब उत्तर प्रदेश के अब्दुल को अपनी सियासी पहचान मजबूत करनी होगी। हम दिखाएं कि अब्दुल अल्लाह के सिवा किसी की गुलामी नहीं करता। अब दरी नहीं बिछाएंगे।

प्रधानमंत्री पहुंचे 'शाही' शादी में



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के शाही परिवार के राजकुमार मार्तंड सिंह और पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल की बेटी रिया बादल के विवाह रिसेप्शन में शामिल हुए।

राष्ट्रीय दशहरा मेला 2026 ऐतिहासिक 'चंबल केसरी दंगल' का भव्य समापन

अलवर के साहिल और हनुमानगढ़ की मोनिका ने जीते महामुकाबले

संचार जगत



जयपुर। राष्ट्रीय दशहरा मेला 2026 के अंतर्गत श्रीराम रंगमंच पर आयोजित राज्य स्तरीय 'चंबल केसरी दंगल' का बुधवार को रोमांचक और भव्य समापन हुआ।? समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रहे, जबकि अध्यक्षता राज्य मंत्री, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने की। दंगल के दौरान कुल 13 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि और 11 क्विंटल शुद्ध घी वितरित किया गया।

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों के स्तर पर खेल और खिलाड़ियों के महत्व को समझते हुए उन्हें भरपूर संबल दिया जा रहा है जिससे खेलों में हमारा प्रदर्शन निरंतर ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार खिलाड़ियों के सम्बलन और खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि प्रदेश की बेटियां भी कुश्ती जैसे खेलों में दम खम दिखा रही हैं। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि खेलों में हमारा देश अब अग्रिम पंक्ति में स्थान बना चुका है। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन और एकाग्रता सिखाते हैं।

पुरुष फ्री स्टाइल चंबल केसरीः अलवर के साहिल खान ने फाइनल मुकाबले में भरतपुर के दीपक को कड़े संघर्ष के बाद 3-1 से हराकर 'चंबल केसरी' का खिताब अपने नाम किया। इसी प्रकार महिला हाड़ी रानी चंबल केसरीः महिलाओं के वर्ग में हनुमानगढ़ की मोनिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भीलवाड़ा की क्षीरजा गुर्जर को 3-0 से पराजित कर 'हाड़ी रानी चंबल केसरी' का खिताब जीता।

अवैध बजरी परिवहन पर पीपलू पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बजरी से भरी ट्रॉली जब्त

संचार जगत

पीपलू। क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ पीपलू पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध बजरी परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रॉली मय बजरी जब्त की है। हालांकि पुलिस की गाड़ी को देखकर ट्रैक्टर चालक बजरी से भरी ट्रॉली को मौके पर छोड़कर ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रत्नलाल भार्गव एवं वृत्ताधिकारी पीपलू विनोद कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी शिवचरण के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 2 नवंबर 2026 को गश्त के दौरान यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान कच्चे रास्ते पर एक ट्रैक्टर चालक पुलिस वाहन की बत्ती देखकर घबरा गया। वह ट्रैक्टर के पीछे लगी बजरी से भरी ट्रॉली को मौके पर ही छोड़कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रॉली को जब्त कर लिया। आसूचना अधिकारी अमित सिंह कांस्टेबल की सूचना पर ट्रैक्टर चालक की पहचान राकेश बैरवा पुत्र छोटूलाल बैरवा निवासी ढूंढिया, थाना पीपलू के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक राकेश बैरवा के खिलाफ पुलिस थाना पीपलू में प्रकरण, धारा, बीएनएस एवं एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। **अवैध बजरी कारोबार पर रहेगी नजरः** पुलिस ने स्पष्ट किया है कि थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई करने वाली टीम एएसआई भैरूलाल, कांस्टेबल अमित कानी नंबर चालक शुद्धराम नंबर 1006 रहे।

'एडॉप्ट सस्टेनेबल फूड सिस्टम्स' थीम पर प्रदेशव्यापी गतिविधियों का आयोजन,

सतत खाद्य प्रणालियों को अपनाने का संदेश लेकर प्रदेशभर में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम

संचार जगत

जयपुर। पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा सतत जीवनशैली को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से प्रदेश में आयोजित किए जा रहे 'ब्रिक्स सतत लाइफ स्टाइल वीक' के चौथे दिन बुधवार को 'एडॉप्ट सस्टेनेबल फूड सिस्टम्स' थीम के तहत प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को पौष्टिक एवं स्थानीय खाद्य पदार्थों को अपनाने, मोटे अनाज और पारंपरिक खाद्यान्नों के उपयोग को बढ़ावा देने, भोजन की बर्बादी रोकने तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य खाद्य उत्पादन से लेकर उपभोग तक की पूरी प्रक्रिया को अधिक टिकाऊ, जिम्मेदार और पर्यावरण अनुकूल बनाने के प्रति जन-जागरूकता विकसित करना रहा। प्रदेशव्यापी कार्यक्रमों के आयोजन में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सक्रिय भूमिका रही।

मोटे अनाज एवं पारंपरिक खाद्यान्नों के प्रति किया जागरूक

दिवस की थीम के अनुरूप विभिन्न स्थानों पर मोटे अनाज (मिलेट्स) एवं पारंपरिक खाद्यान्नों के महत्व पर कार्यशालाओं, जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें बाजरा, ज्वार, रागी सहित अन्य पारंपरिक अनाजों के पोषण संबंधी महत्व तथा इनके उत्पादन एवं उपभोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया।

आमजन को स्थानीय एवं मौसमी खाद्य पदार्थों को अपनी दैनिक भोजन प्रणाली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रोत्साहन

एसीएस राजेश यादव के दिशा-निर्देशन में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मिल रही नई गति

राजस्थान शिक्षा सेतु अभियान से सरकारी स्कूलों में 5 साल बाद बढ़ा रिकॉर्ड नामांकन

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजेश यादव के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग में प्रदेश में नवाचार और परिणाम आधारित प्रयासों को नई गति मिल रही है।

उनके निर्देशानुसार 'स्टार टीचर' पहल के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं 'राजस्थान शिक्षा सेतु अभियान' से प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इन समन्वित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सरकारी विद्यालयों में पांच साल बाद नामांकन में हुई ऐतिहासिक वृद्धि के रूप में सामने आया है।

उत्कृष्ट शिक्षकों के सम्मान के लिए 'स्टार टीचर' पहल की शुरुआत

सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक परिणाम देने वाले तथा शिक्षण की प्रभावी एवं नवाचारी विधियों को अपनाने वाले शिक्षकों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग ने अक्टूबर माह में 'स्टार टीचर' पहल शुरू की है। इस पहल के तहत 26 अक्टूबर को जारी पहली सूची में प्रदेश के आठ सरकारी विद्यालयों के 15 शिक्षकों को राजस्थान के पहले 'स्टार टीचर' के रूप में चयनित किया गया है।

इस पहल का मूल्यांकन दो प्रमुख आधारों पर किया गया है: CBA परिणाम (11 शिक्षक): प्रत्येक संभाग के मार्च 2026 के कॉम्पिटेंसी बेस्ड असेसमेंट (CBA) परिणामों के आधार पर सर्वोच्च रैंक प्राप्त करने वाले विद्यालयों के 11 शिक्षकों का चयन किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सराहनीय योगदान दिया।

नवाचारी शिक्षण पद्धतियाँ (4 शिक्षक): कक्षा-कक्ष में कठिन अवधारणाओं को सरलता से समझाने, शैक्षणिक खेलों एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री (TLM) के रचनात्मक उपयोग पर आधारित संक्षिप्त वीडियो के आधार पर 4 शिक्षकों का चयन किया गया। वीडियो का मूल्यांकन 4 निर्धारित मापदंडों (कुल 20 अंक) के आधार पर पारदर्शी रूप से किया गया।

अलीगढ़ कस्बे में पैंथर की लगातार दस्तक से दहशत, वन विभाग की टीमें तलाश में जुटीं



एक सप्ताह में कई श्वान शावकों का किया शिकार

संचार जगत

अलीगढ़। कस्बे में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से पैंथर की दस्तक जारी है। अब तक पैंथर द्वारा कई श्वानों के बच्चों का शिकार किया जा चुका है। लोगों द्वारा पैंथर आने की सूचना वन विभाग को दिए जाने पर वनविभाग अलीगढ़ व टोंक जिला मुख्यालय से आई वनविभाग टीम द्वारा क्षेत्र में पैंथर की दस्तक के साथ ही लोकेशन के आधार पर तलाश की जारी है। वही लोगों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है। मंगलवार रात को अलीगढ़ कस्बे के डाक-बंगला पंचायत समिति के पीछे क्षेत्र में पैंथर की दिखाई देने के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। डाक-बंगला पंचायत समिति के पीछे क्षेत्र में पैंथर की दिखाई देने के साथ ही एक श्वान के बच्चे का शिकार किये जाने की सूचना मिली। लोगों की सूचना पर वनविभाग टीम मोके पर पहुंची।

ऐसे में पैंथर अन्य क्षेत्र की और भाग गया। वही सोमवार रात को भी क्षेत्र के डींग गांव स्थित बालाजी मंदिर के आसपास एक बार फिर पैंथर की हलचल सामने आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रात के अंधेरे में झाड़ियों के बीच घूमता पैंथर वाहन की रोशनी में दिखाई दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पैंथर को देखकर उसकी तस्वीर और वीडियो कैमरे में कैद कर लिए। आबादी क्षेत्र और मंदिर के आसपास पैंथर की मौजूदगी की सूचना फैलते ही ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई।

प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लोगों को रात के समय इस क्षेत्र में नहीं जाने की सलाह दी है। डींग के बालाजी उमरपुरा अलीगढ़-उनियारा मार्ग का यह क्षेत्र रणथंभौर टाइगर प्रोजेक्ट के अमली क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। यहां से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर वन क्षेत्र होने से बाघ और पैंथर सहित अन्य वन्यजीवों की आवाजाही बनी रहती है। घनी झाड़ियों और प्राकृतिक आवास के चलते वन्यजीव विचरण करते हुए आसपास के इलाकों तक पहुंच जाते हैं।

दीपावली पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जयपुर डिस्कॉम ने किए पुख्ता इंतजाम

संचार जगत



जयपुर। दीपावली पर जयपुर शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जयपुर विद्युत वितरण निगम ने व्यापक तैयारियां की हैं।

दीपावली मेंटिनेंस का काम पूरा हो गया है। करीब दो माह तक चले इस अभियान में दोनों सर्किलों में निगम के अभियंताओं ने जयपुर शहर में 33 द्म1 के 153 सब स्टेशन, 33 द्म1 के 238 फीडर, 11 द्म1 के 1424 फीडर, 373 पावर ट्रांसफार्मर तथा 18638 वितरण ट्रांसफार्मर में फैले विद्युत वितरण तंत्र की सघन मेंटिनेंस करने के साथ आवश्यकता के अनुरूप फील्ड में सुधार कार्य किए। प्रसारण निगम के साथ समन्वय कर विद्युत तंत्र की सारसंभाल के काम को पूरी मुस्तैदी से अंजाम दिया।

शहर सर्किल (दक्षिण) में लोड क्षमता में 31 एमवीए की बढ़ोतरीः जयपुर शहर सर्किल (दक्षिण) में इस दौरान 5-5 एमवीए के 7 पावर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाकर उन्हें 8-8 एमवीए में उच्चीकृत किया गया है। साथ ही, 24 नए डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इस प्रकार लोड क्षमता में कुल 31 एमवीए की वृद्धि की गई है। वहीं 11 केवी के 6 तथा 33 केवी के 4 नए फीडर बनाए गए हैं। इनसे इस सर्किल में ट्रिपिंग तथा वोल्टेज की समस्या दूर होगी।

शहर सर्किल (उत्तर) में जुड़े 33 केवी के 4 और 11 केवी के 22 नए फीडरः इसी प्रकार दीपावली से पूर्व शहर वृत्त (उत्तर) में 33 द्म1 के 71 ग्रिड सब स्टेशन, 33 केवी के 127 फीडर तथा 11 केवी के 670 फीडरों एवं 8879 डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफार्मरों का मेंटेनेन्स किया गया है। इनसे जुड़े जम्फर, जीओ, आरएमयू और फ्यूज आदि की मरम्मत की गई है।

धनतेरस पर इस बार बनेगा शुक्र प्रदोष व्रत का विशेष संयोग, शिव आराधना से मिलेगी सुख-समृद्धि

संचार जगत

टोंक। इस बार धनतेरस का पर्व विशेष धार्मिक संयोग के साथ मनाया जाएगा। 6 नवंबर शुक्रवार को धनतेरस के दिन ही शुक्र प्रदोष व्रत भी रहेगा। शुक्रवार को त्रयोदशी तिथि और प्रदोष काल का संयोग होने से इसे शुक्र प्रदोष व्रत कहा जाएगा। इस दिन भगवान शिव की पूजा के साथ मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर की आराधना का भी विशेष महत्व रहेगा। ऐसे में श्रद्धालुओं को धनतेरस पर शिव कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर मिलेगा। मनु ज्योतिष एवं वास्तु शोध संस्थान टोंक के निदेशक बाबूलाल शास्त्री ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर 2026 को सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर प्रारंभ होगी, जो 7 नवंबर को सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। प्रदोष काल में त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को होने के कारण शुक्र प्रदोष व्रत इसी दिन रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदोष व्रत की पूजा का शुभ मुहूर्त 6 नवंबर को शाम 5 बजकर 33 मिनट से रात 8 बजकर 9 मिनट तक रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सकेंगे। पूजा के लिए कुल 2 घंटे 37 मिनट का समय शुभ बताया गया है। वहीं ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 52 मिनट से 5 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। 6 नवंबर को चर चौघड़िया सुबह 6 बजकर 43 मिनट से 8 बजकर 5 मिनट तक, लाभ-अमृत सुबह 8 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 48 मिनट तक तथा अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 48 मिनट से दोपहर 12 बजकर 32 मिनट तक रहेगा। शुभ चौघड़िया दोपहर 12 बजकर 10 मिनट से 1 बजकर 32 मिनट तक, चर चौघड़िया शाम 4 बजकर 15 मिनट से 5 बजकर 37 मिनट तक तथा लाभ चौघड़िया रात्रि 8 बजकर 54 मिनट से 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा

बच्चों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं

संचार जगत



जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में बुधवार को बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित करने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर सावंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता दिनेश कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि बच्चों के विरुद्ध अपराधों से जुड़े मामलों में सभी फॉरेंसिक जांच शीघ्रता से पूर्ण की जाएं, ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने इस दिशा में आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बाल श्रम से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण एवं पुनर्वास पर विशेष जोर

मुख्य सचिव ने कहा कि बाल श्रम से जुड़े मामलों के प्रभावी निस्तारण के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय एवं दक्षता के साथ कार्य करें। उन्होंने रेस्क्यू किए गए बच्चों के समुचित पुनर्वास, शिक्षा एवं सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, बाल हितैषी पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के तहत किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने बाल विवाह के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने तथा इस सामाजिक कुरीति की रोकथाम के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास करने पर भी जोर दिया।

ऑपरेशन गरिमा के दायरे को व्यापक बनाने के दिए निर्देश

मुख्य सचिव ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य पुलिस विभाग द्वारा संचालित ऑपरेशन गरिमा के तहत किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकाधिक सार्वजनिक स्थानों पर ऑपरेशन गरिमा संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने भी बच्चों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम, बाल हितैषी व्यवस्थाओं तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर अपने विचार साझा किए।

जीएसटी लागू होने के बाद अक्टूबर 2026 में राजस्थान ने बनाया राजस्व संग्रहण का नया रिकॉर्ड

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन तथा प्रमुख शासन सचिव (कर) के निरंतर निर्देशन के परिणामस्वरूप राजस्थान के कर विभाग ने राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अक्टूबर 2026 में प्रदेश ने जीएसटी लागू होने (1 जुलाई 2017) के बाद अब तक का सर्वाधिक मासिक लस्ज्र एवं VAT राजस्व संग्रहण दर्ज किया है। इस माह प्रदेश को कुल 7,047.27 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो जीएसटी लागू होने के बाद किसी भी एक माह में अर्जित अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप राज्य में राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने, कर अनुपालन सुनिश्चित करने तथा कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कर विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रमुख शासन सचिव के स्तर पर राजस्व संग्रहण की नियमित समीक्षा, अधिकारियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण तथा प्रगति की सतत मॉनिटरिंग से विभागीय कार्यप्रणाली में और अधिक प्रभावशीलता आई है। साथ ही, करदाताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और कर प्रशासन को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2026 का राजस्व संग्रहण मार्च 2026 में दर्ज 6,826.60 करोड़ रुपये के पूर्व सर्वाधिक मासिक संग्रहण से भी 220.67 करोड़ रुपये अधिक रहा। इस प्रकार विभाग ने अपने ही पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नई उपलब्धि हासिल की है। अक्टूबर 2025 में GST एवं VAT से 6,303.88 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि अक्टूबर 2026 में यह बढ़कर 7,047.27 करोड़ रुपये हो गया। इस प्रकार पिछले वर्ष के अक्टूबर माह की तुलना में इस बार 743.39 करोड़ रुपये अर्थात लगभग 11.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अक्टूबर तक प्रदेश का कुल GST एवं VAT राजस्व संग्रहण 44,034.09 करोड़ रुपये रहा है।

गार्गी पुरस्कार योजना के तहत बालिकाओं को मिले 109 करोड़ रुपये



संचार जगत

जयपुर। जयपुर के मानसरोवर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में प्रतिभा विकास शिविर समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामायण आधारित ज्ञान परीक्षा का पोस्टर विमोचन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेटियां समाज और राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्हें शिक्षा, संस्कार, सम्मान और समान अवसर मिलने से परिवार और समाज की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। बालिका शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। राज्य सरकार बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गार्गी पुरस्कार योजना के तहत 3 लाख 63 हजार बालिकाओं को 109 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। वहीं, बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत 3 लाख से अधिक बालिकाओं को 158 करोड़ रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण के प्रति सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी बालिकाओं को समान अवसर, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व, विचार और संस्कारों के निर्माण का आधार है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने त्योहारी सीजन में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम के दिए निर्देश

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं पर्यटन केन्द्रों पर आवाजाही बढ़ जाती है। त्योहारी सीजन में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लें और सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुलिस की नियमित मौजूदगी बनाए रखने के साथ ही पैदल गश्त, रात्रिकालीन पेट्रोलिंग और प्रभावी नाकाबंदी पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को निरंतर प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने दीपावली के दौरान बढ़ने वाले सायबर अपराधों को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सोशल मीडिया पर रखें पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को अपराधों की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से प्राप्त हो रहे महिलाओं के आभार पत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में संचालित कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स से सकारात्मक परिणाम और प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। भजनलाल शर्मा ने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में यातायात के बढ़ते दबाव के मद्देनजर सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन और पार्किंग की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानों पर सुरक्षा मानकों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने और अवैध रूप से पटाखों की बिक्री और भंडारण पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

शासन सचिव ने राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन-181 का किया निरीक्षण



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण के लिए वरिष्ठ अधिकारी राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन-181 पर दर्ज परिवादों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में श्रम, कारखाना एवं बॉयलर निरीक्षण तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के शासन सचिव पूर्ण चन्द्र किशन ने सचिवालय स्थित राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन-181 के नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग और कर्मचारी राज्य बीमा योजना से जुड़े 11 परिवादों की समीक्षा की।

राज्य के छह एनसीआर जिलों में ग्रीन पटाखों की अनुमति



संचार जगत

जयपुर। दीपावली के अवसर पर वायु प्रदूषण की रोकथाम, आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल राजस्थान के जिलों में पटाखों के निर्माण, बिक्री एवं उपयोग को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एनसीआर क्षेत्र में शामिल अलवर, भरतपुर, दौसा, डीग, खैरथल-तिजारा एवं कोटपूतली-बहरोड़ जिलों में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं उपयोग को नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था लागू की गई है। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन की शासन सचिव शैलजा देवल ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में केवल सीएसआईआर नीरी प्रमाणित ग्रीन पटाखे ही चलाए जा सकेंगे। अन्य सभी प्रकार के पटाखों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ग्रीन पटाखे चलाने के लिए 7 एवं 8 नवंबर प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे चला सकेंगे। निर्धारित समय के अतिरिक्त पटाखे चलाने की अनुमति नहीं होगी। शैलजा देवल ने बताया कि आमजन के स्वास्थ्य एवं संवेदनशील संस्थानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों को शांत क्षेत्र घोषित किया गया है। इन संस्थानों के 300 मीटर की परिधि में पटाखे चलाने की अनुमति नहीं होगी।

बदमाशों ने पेट्रोल डालकर ऑटो रिक्शा में लगाई आग

संचार जगत

जयपुर। जयपुर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र के बजरंग नगर में मंगलवार देर रात बदमाशों ने एक ऑटो रिक्शा पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इतना ही नहीं बदमाशों ने लाठी-डंडों से ऑटो में जमकर तोड़फोड़ भी की थी। स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बदमाशों ने घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। घटना देर रात करीब 1 बजे बजरंग नगर की है। डेढ़ बजे के करीब शोर-शराबे से जागे स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया था और पुलिस को सूचना दी। 2 बजे के करीब पुलिस मौके पर पहुंची और एक बदमाश अमन को थाने लेकर गई। मामले में ऑटो मालिक आरिफ ने मुकदमा दर्ज करवाया है। देखते ही देखते ऑटो आग की लपटों में घिर गया और जलकर खाक हो गया। वहीं, साथ आए अन्य बदमाशों ने लाठी-डंडों से ऑटो में तोड़फोड़ की। बदमाश अपने साथ हथियार भी लेकर आए थे। ऑटो ड्राइवर आरिफ का कहना है कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। उसने बताया कि वह आग लगाने वाले युवकों को नहीं जानता। वहीं स्थानीय लोगों ने एक युवक को पकड़ा था। जिसका नाम अमन है जो भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र में मस्जीद के पास रहता है।

राज्य के एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपायों की हुई समीक्षा



संचार जगत

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राजस्थान के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपायों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए जारी दिशा-निर्देशों की पालना, निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध तथा आगामी दीपावली के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में ग्रीन पटाखों के उपयोग और विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने दीपावली के मद्देनजर वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अनुपालना में जारी निर्देशों के अनुसार राजस्थान के एनसीआर क्षेत्र में शामिल अलवर, भरतपुर, डीग, खैरथल-तिजारा एवं कोटपूतली-बहरोड़ जिलों में केवल सीएसआईआर-नीरी द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति होगी। यह प्रतिबंध राजस्थान के एनसीआर क्षेत्र में शामिल जिलों में भी प्रभावी होगा। हालांकि रेलवे, मेट्रो सेवाओं, एयरपोर्ट, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, अस्पताल, जलापूर्ति एवं स्वच्छता, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं को निर्धारित छूट प्रदान की गई है।

करीब तीन हजार किलो सूजी, मैदा और बेसन सीज

25 किलो खराब सामग्री नष्ट की



जयपुर। प्रदेश में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई जारी है। केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने जयपुर में एक दिन में चार प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान खाद्य पदार्थों के 7 नमूने लिए गए, करीब 2 हजार 960 किलो खाद्य सामग्री सीज की गई और 25 किलो अखाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई। खाद्य सुरक्षा दल को मैसर्स महेश्वरी फूड प्रोडक्ट्स के सरना डूंगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित लाइसेंस में दर्ज पते पर प्रतिष्ठान बंद मिला। वीकेआई स्थित फर्म की दूसरी इकाई खाद्य लाइसेंस में दर्ज नहीं थी। जांच के दौरान वहां साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी कई कमियां मिलीं। टीम ने मौके से करीब 2,960 किलो सूजी, मैदा और बेसन सीज किया। साथ ही जांच के लिए खाद्य पदार्थों के 3 नमूने लिए। टीम ने मैसर्स लक्ष्मी बेकर्स की निर्माण इकाई की भी जांच की। यहां साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी कई कमियां मिलीं।

दिवाली मेले में खरीदारी का उत्साह रहा चरम पर

संचार जगत



जयपुर। राजीविका दिवाली मेला में रौनक अपने चरम पर पहुंच गई है। मेले के अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोग अपने पसंद का सामान खरीदने पहुंचे। आगंतुकों ने विभिन्न स्टॉल्स पर जमकर खरीदारी की। विजिटर्स ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों, पारंपरिक हस्तशिल्प और आकर्षक सजावटी सामग्री को खूब पसंद किया। स्टॉल्स पर दिनभर खरीदारों की चहल-पहल बनी रही। दिवाली के त्योहार को खास बनाने के लिए आगंतुकों ने अपनी पसंद के अनुसार सजावटी सामान, पारंपरिक कलात्मक वस्तुओं और विभिन्न घरेलू उपयोग के उत्पादों की खरीदारी की। मेले में राजीविका दीदियों के हुनर, मेहनत और रचनात्मकता की झलक देखने को मिली। यहां हस्तनिर्मित हस्तशिल्प, पारंपरिक कलात्मक वस्तुओं, आकर्षक सजावटी सामग्री, हैंडलूम और घरेलू उपयोग के उत्पादों की विविध रेंज उपलब्ध थे। राजस्थान की समृद्ध लोककला और पारंपरिक शिल्पकारी को प्रदर्शित करते इन उत्पादों ने मेले को खास पहचान दी। विभिन्न स्टॉल्स पर सजे रंग-बिरंगे उत्पादों के साथ खरीदारी कर रहे आगंतुकों का उत्साह और मेले की रौनक अंतिम दिन भी परवान पर थी। ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को मिला प्रोत्साहन स्थानीय कला एवं हस्तशिल्प को नई पहचान देने के साथ महिला उद्यमिता को भी बढ़ावा दे रहा था। मेले में ब्लैक पॉटरी और ब्लू पॉटरी की आकर्षक कलाकृतियों के साथ सजावटी सामान, कोटा डोरिया, मोडल सिल्क, अजरख प्रिंट और बंधेज की साड़ियों एवं सूट की खूब मांग देखने को मिली। वहीं, टेराकोटा, मीनाकारी और कशीदाकारी के हस्तशिल्प उत्पाद भी खरीदारों को आकर्षित कर रहे थे। इसके अलावा हैंडमेड अगरबत्ती, जूट एवं अन्य हस्तनिर्मित बैग, पापड़-अचार और लेदर उत्पादों की भी अच्छी बिक्री हुई।

ईपीएफओ का प्रवर्तन अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जयपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रवर्तन अधिकारी सोनू मौर्य को एक लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी द्वारा यह रिश्वत परिवादी से किसी विभागीय मामले में राहत देने या प्रतिकूल कार्रवाई न करने की एवज में मांगी गई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपी अधिकारी को रंगे हाथों धर दबोचा। परिवादी ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि ईपीएफओ के प्रवर्तन अधिकारी सोनू मौर्य द्वारा उसके मामले से जुड़े ईपीएफ प्रकरण को निपटाने और राहत देने के बदले रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा था।

अवैध शराब के खिलाफ अभियान

कई जिलों में हजारों लीटर वॉश नष्ट

संचार जगत



जयपुर। प्रदेश में अन्य राज्यों से आने वाली मदिरा एवं अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम हेतु जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 7 नवम्बर तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत बारां जिले के उपखंड छबड़ा के ग्राम लक्ष्मीपुरा में 7 हजार लीटर वॉश सहित हथकड़ मदिरा निर्माण की 10 भट्टियां नष्ट की और 59 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त की। चित्तौड़गढ़ जिले में टीम ने 3 हजार लीटर वॉश सहित 2 मदिरा भट्टियां नष्ट की। बांसवाड़ा के कुशलगढ़ में दबिश देकर बीयर केन 5 पेटी फोर सेल इन मध्यप्रदेश जब्त की गई साथ ही 12 बोतल हथकड़ मदिरा भी जब्त की। भरतपुर के डीग में नाकाबंदी कर बीयर की 5 पेटी जब्त कर अभियोग दर्ज किया। श्रीगंगानगर के करणपुर में 200 लीटर वॉश, गंगानगर शहर में 150 लीटर वॉश नष्ट किया। रायसिंहनगर, बूंदी, झालावाड़, टोंक के मालपुरा में भी विभागीय टीम ने कार्रवाई कर मादक पदार्थों को जब्त किया और नष्ट किया। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिलों में भी गश्त, नाकाबंदी और दबिश दी जा रही है।

विकसित राजस्थान की नींव गांव से होगी मजबूतः राज्यवर्धन राठौड़

संचार जगत



जयपुर। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंचों ने कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कर्नल राठौड़ ने सभी सरपंचों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान झोटवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा हुई। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सरपंचों से अपने-अपने गांवों की जरूरतों के अनुरूप विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कर्नल राठौड़ ने कहा कि गांव का विकास ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। जब गांव आत्मनिर्भर और सुविधासंपन्न होंगे, तभी विकसित राजस्थान के माध्यम से विकसित भारत का सपना साकार होगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है।

परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के लिए बनेगा साझा ट्रैकर



संचार जगत

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में आगामी मुख्य सचिव सम्मेलन के संदर्भ में राज्य की रैखिक अवसंरचना परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, विभागों के बीच आपसी समन्वय और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लोक निर्माण विभाग की अवसंरचना योजनाओं को समय-बद्ध तरीके से धरातल पर उतारने के लिए राज्य की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि रैखिक अवसंरचना परियोजनाओं के कार्यक्षेत्र को और अधिक व्यापक व प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। श्रीनिवास ने ऊर्जा एवं पीएचईडी विभाग को निर्देश दिए कि यूटिलिटी शिफ्टिंग को गति देने के लिए उच्च स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के लिए साझा ट्रैकर तैयार किया जाएगा।

ओडीएल के माध्यम से उच्च शिक्षा को मिलेगा नया आयाम



जयपुर। कनोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय में केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान के साथ हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग पर इंडक्शन एण्ड ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ओ. पी. देवल ने इस पहल के उदेश्यों, संस्थागत सहयोग एवं शैक्षणिक परामर्शदाता के रूप में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। समारोह में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की अवधारणा, विकास यात्रा, मूलभूत सिद्धांतों एवं वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। संवादात्मक सत्र में शैक्षणिक परामर्शदाता की भूमिका, पाठ्यक्रम संरचना, पंजीकृत छात्राओं को सहयोग की संभावनाओं से जुड़े सवालों के जवाब दिए गए।

पंचायत चुनाव में भाजपा की होगी जीत-झाबर सिंह खर्रा

जयपुर। झाबर सिंह खर्रा ने पंचायत राज चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने नगर निकाय चुनाव में भाजपा सरकार के पिछले 34 महीने के शासन और सुशासन पर अपना भरोसा जताया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों की जनता भी पंचायत चुनावों में सरकार के कामकाज पर अपनी मुहर लगाएगी। खर्रा ने कहा कि राजस्थान की जनता ने नगर निकाय चुनावों में भाजपा सरकार के 34 महीने के बेहतरीन शासनकाल को समर्थन दिया है। उन्होंने भरोसा जताया कि पंचायत राज चुनाव में भी ग्रामीण मतदाता पार्टी के पक्ष में जनादेश देंगे।

जयपुर की पिया दांडिया ने जीती फ्लोरिडा सीट

संचार जगत



जयपुर। जयपुर से ताल्लुक रखने वाले अप्रवासी भारतीय माता-पिता की बेटी पिया दांडिया ने फ्लोरिडा के 22वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से जीत हासिल कर ली है। डेमोक्रेटिक पार्टी की पिया अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए निर्वाचित होने वाली दूसरी भारतीय-अमेरिकी महिला बन गई हैं। उनसे पहले प्रमिला जयपाल यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। दांडिया ने रिपब्लिकन पार्टी के कारोबारी उम्मीदवार केसी असकर को पराजित किया। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की तुलना में इस सीट पर डेमोक्रेटिक पार्टी के पक्ष में करीब 14 प्रतिशत का रुझान बदला। पाम बीच काउंटी में जन्मीं और पली-बढ़ीं दांडिया का बचपन जुपिटर में बीता। उनके माता-पिता 1980 के दशक में राजस्थान के जयपुर से अमेरिका पहुंचे थे और यहीं बस गए।



संपादकीय

ईरान पर 'परमाणु हमला'

नौवीं बार संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अमरीका ईरान पर 'परमाणु हमला' कर सकता है! राष्ट्रपति ट्रंप इजरायल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नेतन्याहू के लगातार दबाव में हैं कि परमाणु हमले से ही 'ईरान समस्या' का कोई समाधान मिल सकता है। यदि ईरान पर परमाणु हमला किया गया, तो उसके बाद तीसरे विश्व युद्ध की स्थितियां 'चरम' पर होंगी। रूस, उत्तरी कोरिया, चीन और भारत भविष्य के विनाशकारी युद्ध में शामिल होने को बाध्य होंगे! लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ईरान युद्ध के 8 लंबे महीनों के बाद भी दोहरी जुबान बोल रहे हैं कि ईरान के साथ 'डील' की बातचीत अच्छी चल रही है। वह युद्ध नहीं चाहते, लेकिन फिर यह भी बयान देते हैं कि हम ईरान का अस्तित्व खत्म कर देंगे। अमरीका में मध्यावधि चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं, लिहाजा अब राष्ट्रपति ट्रंप के लिए दोनों ही विकल्प खुले हैं कि ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोपा जाए अथवा समझौते की संभावनाओं को पुख्ता किया जाए। इसी दौरान अमरीका के वरिष्ठ पत्रकार और कभी राष्ट्रपति ट्रंप के बेहद करीब रहे टकर कार्लसन ने 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर पोस्ट लिखी है कि अमरीका कुछ ही दिनों में ईरान के नतांज परमाणु केंद्र के करीब 'पिकएक्स पहाड़ियों' पर परमाणु हमला कर सकता है। इस बार 'बी 61-11' बॉम्बर्स के जरिए 'बंकरफोडू' बमबारी की जा सकती है या मिसाइलों से हमला किया जा सकता है! अमरीका पहले भी ईरान के परमाणु केंद्रों की पहाड़ियों पर हमले कर चुका है, लेकिन इस बार 'परमाणु सम्मत हथियारों' से हमले की संभावनाएं जताई जा रही हैं। दिलचस्प यह है कि उपराष्ट्रपति वेंस और ट्रंप के 'विशेष दूत' स्टीव विटकॉफ युद्ध नहीं, ईरान के साथ बातचीत और डील के पक्षधर हैं। बहरहाल यदि इस बार युद्ध का विस्तार हुआ, तो कच्चे तेल की कीमतें 140 डॉलर प्रति बैरल तक उछल सकती हैं और फिर वहीं स्थिर रह सकती हैं, क्योंकि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। अमरीका और यूरोपीय देशों में खासकर गैस की मांग 'चरम' पर पहुंच जाती है, क्योंकि वहां के घरों को गर्म रखने के लिए गैस की बुनियादी जरूरत होती है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक, 15 देशों में ऊर्जा की जबरदस्त किल्लत है। गैस के साथ-साथ तेल के संकट भी हैं। फ्रांस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, स्लोवाकिया, जापान सरीखे देशों में 'ऊर्जा आपातकाल' और 'राशनिंग' की व्यवस्था लागू करनी पड़ी है। जहां तक भारत का सवाल है, तो उसने अक्तूबर माह में 56 लाख बैरल तेल औसतन हरोज खरीदा है। सुखद संकेत यह है कि खाड़ी देशों से औसतन रोजाना 23 लाख बैरल तेल हरोज आयात किया जा सका है और 20 लाख बैरल तेल रूस से खरीदा है। भारत कुछ अन्य देशों से भी सीमित मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है। यदि ईरान युद्ध नए सिरे से भड़कता है, तो होर्मुज के रास्ते आयात फिर बंद हो सकता है।

क्यों अटके पड़े हैं कुछ आवश्यक काम

विपक्ष के आक्रामक रवैये की शुरुआत संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन से हो गई थी। मानसून सत्र शुरू होने वाले दिन ही काकरोच जनता पार्टी का शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद मार्च होना था। दिल्ली पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शनकारियों की भीड़ संसद की ओर जाने को आमादा थी। इसके नतीजे में हिंसा हुई। इसमें प्रदर्शनकारी भी पिटे और पुलिस भी, लेकिन नैरेटिव कुछ ऐसा बना कि पुलिस ने शांति का परिचय दे रही भीड़ पर बेवजह बल प्रयोग किया।

पिछले कई माह से मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल की खबरें आती हैं और फिर सन्नाटा छा जाता है। कहना कठिन है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल कब होगा और होगा भी या नहीं? इन सवालों का जवाब सरकार ही दे सकती है और वह देने से रही, लेकिन अब जब यह सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गई है, तब उसे न केवल आगामी आम चुनावों की चिंता करनी चाहिए, बल्कि आसन्न विधानसभा चुनावों की भी। इसी के साथ उसे अपना शैथिल्य दूर करना चाहिए और अटके पड़े काम करने को भी प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि अगले लोकसभा चुनावों के पहले कम से कम एक दर्जन राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं और इन चुनावों के नतीजे एक हद तक लोकसभा चुनाव के लिए माहौल बनाएंगे। पता नहीं विधानसभा चुनावों के नतीजे क्या होंगे और वे क्या माहौल बनाएंगे, लेकिन यह स्पष्ट ही है कि बीते कुछ समय से विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर है और इसके चलते सत्तापक्ष कभी-कभी रक्षात्मक मुद्रा में भी आ जाता है। विपक्ष के आक्रामक रवैये की शुरुआत संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन से हो गई थी। मानसून सत्र शुरू होने वाले दिन ही काकरोच जनता पार्टी का शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद मार्च होना था। दिल्ली पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शनकारियों की भीड़ संसद की ओर जाने को आमादा थी। इसके नतीजे में हिंसा हुई। इसमें प्रदर्शनकारी भी पिटे और पुलिस भी, लेकिन नैरेटिव कुछ ऐसा बना कि पुलिस ने शांति का परिचय दे रही भीड़ पर बेवजह बल प्रयोग किया। इस नैरेटिव के चलते भी



धर्मेंद्र प्रधान को त्यागपत्र देना पड़ा। इस त्यागपत्र ने विपक्ष को उत्साहित किया और तबसे उसका उत्साह कायम ही है। पिछले कुछ समय से मोदी सरकार विपक्ष के वोट चोरी के आरोप का सामना करने में लगी हुई है। विपक्ष मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण यानी एसआइआर को वोट चोरी सिद्ध करने के लिए चाहे जो कहे, आमतौर पर आम लोगों के बीच यह भाव नहीं है कि चुनाव आयोग विपक्ष को हराने के लिए जानबूझकर उसके वोट काट रहा है। इस मामले में हर किसी को इंतजार है एसआइआर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि विपक्ष और खासकर कांग्रेस उसके फैसले को मानेगी। जो भी हो, मोदी मंत्रिमंडल के संभावित फेरबदल-विस्तार का भी इंतजार है। मंत्रिमंडल में आवश्यक हो चुके फेरबदल-विस्तार में वैसी ही देरी हो रही है, जैसी भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन में हुई थी। भले ही मोदी सरकार के समर्थक उसके हर फैसले को मास्टरस्ट्रोक कहते हों, लेकिन वस्तुस्थिति यही नहीं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल-विस्तार केवल इसलिए आवश्यक नहीं कि सरकार ने अपने इस कार्यकाल में उसमें कोई फेरबदल नहीं किया है। यह इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि कई मंत्री त्यागपत्र दे चुके हैं या उन्हें देना पड़ा है। कुछ मंत्रियों के पास दूसरे मंत्रालयों का अतिरिक्त प्रभार है। इनमें शिक्षा जैसा महत्वपूर्ण मंत्रालय भी हैं। कुछ मंत्रालयों का कामकाज सुस्ती का भी शिकार है। माना कि कुछ मंत्रालयों का बहुत महत्व नहीं होता, पर शिक्षा जैसे मंत्रालय को अतिरिक्त प्रभार के सहारे चलाना बिल्कुल भी ठीक नहीं। शिक्षा मंत्रालय के पास व्यापक दायित्व हैं। इनमें एक दायित्व केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों और शिक्षकों के रिक्त पद समय से भरना है। जानना कठिन है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के रिक्त पदों को भरने का काम क्यों अटका रहता है? विडंबना यह है कि कई संस्थान-निकाय भी ऐसे हैं, जिनमें रिक्त पड़े महत्वपूर्ण पदों को भरने में देरी का सवाल उठता रहता है।

आखिर कड़े और बड़े फैसले लेने वाली सरकार अहम रिक्त पदों को भी भरने में विलंब क्यों करती है? यह ठीक नहीं कि 12 बरस बाद भी कई ऐसे काम रुके पड़े हैं, जो अब तक हो जाने चाहिए थे। बतौर उदाहरण पुलिस और प्रशासनिक सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। प्रशासनिक सुधार न होने का एक बड़ा दुष्परिणाम यह है कि मोदी सरकार के भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का दावा सही साबित नहीं हुआ। नौकरशाही का भ्रष्टाचार अब भी एक समस्या बना हुआ है और आम लोग उससे त्रस्त हैं। केंद्रीय नौकरशाही के शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगने का यह अर्थ नहीं कि मध्यम और निचले स्तर की नौकरशाही का भी भ्रष्टाचार नियंत्रित हो गया है। केवल पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में ही सुधारों का इंतजार नहीं हो रहा है। न्यायिक सुधारों की भी व्यग्रता से प्रतीक्षा हो रही है, क्योंकि वे भी अटके पड़े हैं। निःसंदेह इसका एक कारण न्यायपालिका का रुख भी है, लेकिन सरकार को न्यायिक तंत्र में सुधार की नए सिरे से पहल तो करनी ही चाहिए। यह सही है कि मोदी सरकार ने 12 वर्ष में कई बड़े काम किए और राम मंदिर निर्माण और अनुच्छेद 370 खत्म करने के भाजपा के दो बड़े एजेंडे पूरे हो गए, लेकिन आखिर क्या कारण है कि तीसरे बड़े एजेंडे यानी समान नागरिक संहिता का निर्माण राज्यवार किया जा रहा है? मोदी सरकार को नई ऊर्जा, नए उत्साह और नए नैरेटिव की जो आवश्यकता है, उसकी पूर्ति प्रतीक्षा सूची में पड़े काम करने से ही संभव है।

सबक सिखाने वाले चुनाव

चार राज्यों में शिक्षक एवं स्नातक वर्ग की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव परिणाम फिर याद दिलाते हैं कि 'व्यवस्था' में 'तंत्र' भले 'लोक' पर हावी हो गया हो, मगर चुनाव में नेता नहीं, मतदाता ही 'बलवान' है। बैलेट पेपर से हुए इन चुनावों की तीन दिन तक चली मतगणना नेताओं को भी छकाती रही। सबसे निराशाजनक परिणाम कांग्रेस के लिए रहे। कांग्रेस के पास इनमें से चार सीटें थीं, लेकिन अब मात्र एक रह गई। कांग्रेस शासित कर्नाटक में चार सीटों के लिए चुनाव हुए, पर वहां उसका खाता तक नहीं खुला। हालांकि नुकसान उसे एक सीट का ही हुआ, क्योंकि इनमें से तीन सीटें पहले से ही भाजपा के पास थीं और एक कांग्रेस के, जो इस बार भाजपा के मित्र दल जेडीएस ने छीन ली। फिर भी यह तो सच है कि चार राज्यों की 28 सीटों के चुनाव में कांग्रेस एक सीट पर सिमट गई। भाजपा उसका मखौल उड़ाने से नहीं चूकी, पर कांग्रेस ने जो एकमात्र सीट जीती, वह नागपुर की है, जो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का गृह क्षेत्र है। भाजपा के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय भी नागपुर ही है। नागपुर का परिणाम आने से पहले ही फडणवीस ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट



करने का उतावलापन दिखाया, जिसे बाद में डिलीट करना पड़ा। देखा जाए तो चारों ही राज्यों में मतदाताओं ने सत्ता को सबक सिखाया है। कर्नाटक में कांग्रेस की किरकिरी हुई तो महाराष्ट्र में भाजपा की अगुआई वाली महायुति की। ऐसे चुनावों में सत्तारूढ़ दल से हमेशा बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहती है, लेकिन कांग्रेस तो अपनी पिछली सीट भी हार गई। इसे मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और उनके पूर्ववर्ती सिद्धरमैया के बीच सब कुछ ठीक न होने का नतीजा माना जा रहा है। दो प्रतिद्वंद्वियों के बीच सहज संबंध आसान नहीं होते, लेकिन ऐसा करने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री शिवकुमार की ज्यादा है, जो कांग्रेस के संकटमोचक भी कहे जाते हैं। वैसे निराशाजनक प्रदर्शन के चलते असहज स्थिति कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के लिए भी है, क्योंकि कर्नाटक उनका गृह राज्य है। महाराष्ट्र में पांच सीटों के लिए हुए चुनाव में विपक्षी गठबंधन तीन जीत गया, जबकि सत्तारूढ़ महायुति को दो सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। यहां शिंदे-शिवसेना की महत्वाकांक्षाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं तो सुनेत्रा पवार की एनसीपी भी वित्त मंत्रालय वापस पाने के लिए दबाव बना रही है। बुजुर्ग शरद पवार निश्चय ही अपने नियंत्रण वाली एनसीपी के प्रदर्शन से खुश होंगे। बिहार में भाजपा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की परंपरागत बांकीपुर विधानसभा सीट हारने के बाद भाजपा को पटना विधान परिषद सीट पर भी मिली मात से नवीन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, दोनों के लिए असहज स्थितियां पैदा हो गई हैं। जदयू में तो तकरार सड़क पर ही आ गई है। अधिकृत उम्मीदवार नीरज कुमार के विरुद्ध अनुज सिंह का समर्थन करने वाले बाहुबली विधायक अनंत सिंह को जदयू से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, लेकिन रार यहीं पर थमने के आसार नहीं। जीतने के बाद नीरज ने जिस तरह केंद्रीय मंत्री ललन सिंह को लेकर सवाल उठाए, वह अंतर्कलह का ही संकेत रहा। राजद और कांग्रेस में कलह भी इन चुनावों में सामने आ गई।

सहमति न बन पाने पर दोनों अलग लड़े। राजद ने तो दो सीटें जीत कर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन कांग्रेस पांच सीटों पर लड़ कर भी खाता नहीं खोल पाई। कभी चुनाव रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव जीत के बाद इन चुनावों में भी एक सीट जीत कर सही राह पर होने का संकेत दिया है। अभी तक जनसुराज का उभार राजद के लिए ही खतरे की घंटी माना जा रहा था, लेकिन भाजपा को भी आत्मचिंतन करना पड़ेगा। सबसे दिलचस्प चुनाव परिणाम सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश से आए। यहां 11 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा छह, जबकि सपा पांच सीटें जीतने में सफल रही। यह आंकड़ा भाजपा की बढ़त तो बताता है, लेकिन विधानसभा चुनाव से चार महीने पहले सपा का ऐसा प्रदर्शन सत्तारूढ़ दल के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

प्रदूषण और पटाखेः शासन-प्रशासन और जनता की साझी जिम्मेदारी

सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली-एनसीआर में हरित पटाखों की बिक्री और उन्हें चलाने की सीमित छूट देने के 24 घंटे बाद यह सामने आया कि राजधानी में पारंपरिक पटाखों की भी खुलेआम बिक्री हो रही है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए सरकार को उसके निर्देश का पालन करने को कहा। देखना है कि ऐसा हो पाता है या नहीं, क्योंकि बीते वर्षों में सुप्रीम कोर्ट के ऐसे निर्देशों के बाद भी पटाखा बेचने वाले उनकी येन-केन-प्रकारेण बिक्री कर ही लेते हैं। वे हरित पटाखों के नाम पर पारंपरिक यानी कहीं अधिक प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों की भी बिक्री करते हैं। इसका कारण यह है कि इसके ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं कि सभी पटाखे हरित ही हों। आम तौर पर लोग दीवाली पर तय समयसीमा की अनदेखी कर देर रात तक पटाखे छोड़ते रहते हैं। यद्यपि हर कोई इससे परिचित है कि पटाखे प्रदूषण बढ़ाते हैं और पिछले कुछ वर्षों में तो दीवाली के बाद दिल्ली-एनसीआर समेत



उत्तर भारत के अन्य इलाकों में हवा इतनी विषाक्त हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। बहुत कम लोग हैं, जो पटाखों के इस्तेमाल में संयम दिखाते हैं और केवल हरित पटाखे ही चलाते हैं। यह सही है दीवाली पर पटाखों का इस्तेमाल न जाने कब से होता आ रहा है और वे इस पर्व का एक हिस्सा बन गए हैं, लेकिन उनका उपयोग सीमित करके भी तो उल्लासित हुआ जा सकता है। इसके लिए लोग अपनी गली, मोहल्ले में सामूहिक रूप से किसी खुले स्थान पर पटाखे चला सकते हैं और यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि हरित पटाखे ही चलाए जाएं।

इसमें ही सबका हित है। बीते दो-तीन दशक में हालात बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के एक बड़े क्षेत्र में सर्दियों के आगमन के साथ ही सिर उठाने वाला वायु प्रदूषण दीवाली बाद यकायक बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में सभी को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। समस्या यह है कि औसत लोग जैसे इसकी परवाह नहीं करते कि पुराने वाहन चलाने, पराली अथवा कूड़ा-करकट जलाने, धूल उड़ाने वाला निर्माण कार्य कराने से प्रदूषण बढ़ता है, वैसे ही मनचाहे तरीके से पटाखे चलाने से सांसों के लिए संकट पैदा होता है। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि सरकार का प्रदूषण रोधी तंत्र भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी सही तरह निभाने के बजाय खानापूरी ही अधिक करता है। वह तब चेतता है, जब प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है। यह समझा जाए कि सेहत के लिए घातक संकट पैदा करने वाले प्रदूषण से तभी निपटा जा सकता है, जब सरकारी तंत्र के साथ आम जनता भी उसकी रोकथाम के उपायों पर सही से अमल करने को लेकर सजग रहे। यह सजगता दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के शासन-प्रशासन और लोगों को भी दिखानी होगी।

असामान्य कामकाजः म्यांमार के सैन्य शासकों के साथ जुड़ाव

सैन्य शासन के मुखिया मिन आंग ह्लाइंग को म्यांमार का असैनिक राष्ट्रपति बना देने वाले एक दिखावटी चुनाव के महीनों बाद, सेना अभी भी अपने ही लोगों के खिलाफ जंग लड़ रही है। जबकि, बाकी दुनिया ने काफी हद तक इस तरफ से अपनी नजरें फेर ली हैं। अनुमान है कि 2021 के तख्तापलट के बाद से एक लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से कई मौतें सैन्य शासन और तख्तापलट-विरोधी 'पीपल्स डिफेंस फोर्सेज' तथा नस्लीय सशस्त्र संगठनों के बीच मची लड़ाइयों में हुई। लोगों में दहशत पैदा करने और उन्हें अपना प्रतिरोध छोड़ने के लिए मजबूर करने के इरादे से सैन्य शासकों ने विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों के गांवों में हवाई हमले करके हजारों आम नागरिकों को मार डाला है। यूक्रेन, गाजा, सूडान, यमन और ईरान में चल रहे युद्धों के कारण, दुनिया अब इस किस्म की हिंसा के प्रति सुन्न पड़ गई है। सैन्य शासकों ने इस उदासीनता और बदलती भू-राजनैतिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर बिना किसी डर या रोक-टोक के मनमानी की है। इसके मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता रूस और चीन लगातार इसके साथ डटे रहे हैं। इनमें से रूस ने तो ऐसे जेट विमान उपलब्ध कराए, जिनका इस्तेमाल आम नागरिकों पर बमबारी करने के लिए किया गया। बीजिंग ने 2023 के आखिर में तीन नस्लीय सशस्त्र संगठनों को शान और रखाइन राज्यों में हमला शुरू करने की मौन सहमति दी थी। लेकिन बाद में, उसने उनमें से दो संगठनों पर दबाव डालकर उन्हें युद्धविराम करने और कब्जे में लिए गए इलाकों को वापस करने के लिए मजबूर कर दिया। इसने जनवरी के चुनावों का भी समर्थन किया था। शपथ लेने के बाद से, मिन आंग ह्लाइंग ने भारत, थाईलैंड, वियतनाम और आसियान के तीन अन्य सदस्य देशों का दौरा किया है। आसियान अभी भी अपनी उस 'पांच-सूत्रीय सहमति' पर कायम है, जिसमें हिंसा खत्म करने और बातचीत शुरू करने की बात कही गई है। फिर भी इसके सदस्य देश उस निजाम के साथ पींगे बढ़ाने के लिए बहुत उत्सुक दिखते हैं, जिसने इस सहमति के हर एक बिंदु का उल्लंघन किया है। इस बीच, खबर है कि अमेरिकी अधिकारियों ने जून और अक्टूबर में टोक्यो में सैन्य शासन के साथ गुप्त बातचीत की थी और सितंबर में एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने नेपिडो में मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि जापान वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) पर दबाव डाल रहा है कि वह म्यांमार को अपनी काली सूची से हटा दे। इन मकसदों को समझना मुश्किल नहीं है। चीन हिंद महासागर तक पहुंचने का रास्ता और अपनी तेल व गैस पाइपलाइनों के लिए सुरक्षा चाहता है। उसने दोनों पक्षों के साथ तालमेल भी बिठा रखा है - एक तरफ सैन्य शासन है, तो दूसरी तरफ 'काचिन इंडिपेंडेंस ऑर्गनाइजेशन' और 'यूनाइटेड वा स्टेट आर्मी' जैसे ताकतवर विद्रोही गुट हैं। जहां काचिन के इलाके में दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ्स) और जेड (एक किस्म का कीमती पत्थर) प्रचुर मात्रा में हैं, वहीं 'यूनाइटेड वा स्टेट आर्मी' एक बहुत बड़ी टिन खदान चलाती है। नई दिल्ली अपनी रुकी हुई 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को फिर से शुरू करना चाहती है, जिसमें 'कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट' भी शामिल है। अमेरिका की नजर डिस्प्रोसियम और टेर्बियम जैसे महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिजों के खनन तक पहुंच बनाने पर है। इन खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों और हथियार प्रणालियों में किया जाता है। इन अदूरदर्शी कोशिशों में इस अहम बात को नजरअंदाज कर दिया गया है कि व्यापार तभी फल-फूल सकता है जब देश में शांति हो, न कि वहां जहां सशस्त्र गुट नियंत्रण हासिल करने के लिए लगातार लड़ रहे हों। अपने ही नागरिकों की हत्या करने और लोकतंत्र की ओर बढ़ने की हर कोशिश को नाकाम बनाने वाला सैन्य शासन हरगिज शांति नहीं ला सकता। जब तक इन जनरलों को उनके युद्ध अपराधों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाता, म्यांमार एक युद्ध क्षेत्र ही बना रहेगा।

लघु कथा

इन्साफ

तीन आदमियों ने एक ही प्रकार का अपराध किया था, किंतु राजा विक्रमादित्य ने सभी को भिन्न दंड दिया अर्थात् एक को तो बुलाकर इतना ही कहा कि तुम जैसे भले आदमी को ऐसा करना शोभा नहीं देता। दूसरे को बुलाकर बुरा-भला कहा और कुछ झिड़का भी। तीसरे को काला मुँह कराकर गधे पर सवार कराया और पूरे नगर में फिराया। किसी ने पूछा कि महाराज! अपराध तो एक ही तरह का था, परंतु आपने इन्हें अलग-अलग तरह का दंड क्यों दिया? विक्रमादित्य ने उत्तर में कहा कि अच्छा तीनों का समाचार मँगवाओ और देखो वे क्या करते हैं। सूचना मिली कि जिस व्यक्ति को केवल उसके अशोभनीय होने की काहिल थी, वह जहर खाकर मर गया। जिसको बुरा-भला कहा था, वह घर-बार छोड़कर चला गया; मगर तीसरा आदमी पोशाक बदलकर शराब के नशे में बेधड़क जुआ खेल रहा है। राजा



की इस अद्भुत दूरदर्शिता को देखकर सभी दरबारी चकित रह गए। उन्होंने समझा कि एक ही समाज में हर व्यक्ति की प्रवृत्ति अलग होती है। कोई जरा सी बात पर ही ग्लानि से टूट जाता है, तो किसी पर कड़े से कड़े अनुशासन का भी कोई असर नहीं पड़ता। इसलिए वास्तविक न्याय वही है जो व्यक्ति के स्वभाव और उसके सुधार की संभावनाओं को ध्यान में रखकर किया जाए। दरबारियों को राजा की न्याय-नीति और अपराधियों की प्रकृति पहचानकर दंड देने का यह अनूठा विधान जानकर बहुत प्रसन्नता हुई।

राहुल फुस्स रॉकेट, अखिलेश हार के बहानेबाज : मुख्यमंत्री योगी

संचार जगत



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में भाजपा द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा कार्यक्रम में उन्होंने राहुल गांधी को फुस्स रॉकेट बताते हुए कहा कि उनका बारूद समाप्त हो चुका है। कांग्रेस चाहे जितनी बार उन्हें लॉन्च कर ले, अब वह लॉन्च नहीं होने वाले। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की राजनीतिक लॉन्चिंग पर तंज कसते हुए कहा कि दीपावली पर कुछ रॉकेट ऐसे होते हैं, जिनमें बत्ती लगाने के बाद लोग आसमान की ओर देखते रह जाते हैं, लेकिन रॉकेट वहीं धुआं छोड़कर बुझ जाता है। राहुल गांधी की भी यही स्थिति हो चुकी है। वहीं, अखिलेश यादव के बदला लेने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के बबुआ को कोई समझाए कि लोकतंत्र में बदला नहीं, जनता बदलाव करती है।

भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

नितिन नवीन ने संभाली पदयात्रा की कमान

संचार जगत

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गोरखपुर में लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा के जरिए अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अभियान का आगाज हुआ। पदयात्रा में गोरक्ष क्षेत्र के 12 जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों के शामिल होने का दावा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का यह पहला गोरखपुर दौरा है। गोरखपुर एयरपोर्ट से उनका काफिला सर्किट हाउस पहुंचा। यहां से वे महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। रैली में बड़ी संख्या



में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी पहुंचे। कार्यक्रम में निषाद पार्टी समेत सहयोगी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भी भागीदारी रही। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सांसद रविकिशन और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने कहा कि कुछ ताकतें भारत को अस्थिर करने और अराजकता फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं। ऐसी ताकतों के लिए देश में कोई स्थान नहीं है।

मैं उन्हें बांग्लादेश भेज दूंगा, वहां चुनाव जीतते रहो-सरमा ने कसा तंज



पूर्णिया। बिहार के पूर्णिया में भाजपा ने लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने हिस्सा लिया। उनके साथ बिहार सरकार के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल और रत्नेश सदा, कई भाजपा नेता और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस मौके पर सरमा ने राहुल गांधी के वोट चोरी वाले आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि अब राहुल गांधी को चुनाव जीतने की चिंता लगी हुई है। उन्होंने कहा कि अरे, चिंता मत कीजिए राहुल जी। सीएम सम्राट चौधरी, सीएम सुवेंदु अधिकारी और मैं मिलकर आपको बांग्लादेश में पैराशूट से उतार देंगे और आप वहां जरूर चुनाव जीत जाएंगे। आप बिहार में नहीं जीत सकते। वहां चुनाव जीतते रहो, हमारी दुआएं और आशीर्वाद आपके साथ हैं।

जेपी नड्डा का विपक्ष पर निशाना

कहा ईवीएम और बैलेट की चिंता छोड़ें, आत्मचिंतन शुरू करें

संचार जगत



भोपाल। भाजपा की ओर से आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली गई। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह से गैरजिम्मेदाराना व्यवहार विपक्ष की ओर से किया जा रहा है, यह देश में अस्थिरता पैदा करने और देश की संस्थाओं के प्रति बने विश्वास को अस्थिर करने की कोशिश है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के लोग समझ चुके हैं कि आने वाले 20-30 वर्षों में जनता उसे मौका नहीं देने वाली है, इसलिए चुनाव आयोग पर दोष मढ़ा जा रहा है। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत होती है तो वे पहलवान और जब चुनाव हारें तो आयोग बेईमान। उनकी ओर से इस तरह की सोच बनाने की कोशिश की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि राजनीति करने के लिए देश की जनता के दिल में बसना पड़ता है।

नीतीश कुमार से मिले सीएम सम्राट चौधरी

संचार जगत



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि गंगा से गाद निकालने को लेकर नीतीश कुमार ने जो अभियान चलाया था, वह सफल हुआ है। इस संबंध में दिल्ली में एक बड़ा समझौता हुआ है, जिससे बिहार को बाढ़ से राहत दिलाने में मदद मिलेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि उन्होंने नीतीश कुमार को गंगा से गाद निकालने के लिए भारत सरकार के साथ हुए समझौते की जानकारी दी। नीतीश कुमार ने इस मुद्दे को बार-बार उठाया था। उनके काम और सपनों को पूरा करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और भारत सरकार के साथ समझौता हुआ है। इसके तहत गंगा सहित अन्य प्रमुख नदियों से करीब चार लाख क्यूबिक मीटर गाद निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निकाली गई गाद का इस्तेमाल बिहार में भी किया जाएगा।

धीरेंद्र शास्त्री पर अखिलेश का हमला

कहाः यूपी-एमपी सीमा पर लगना चाहिए ईशनिंदा करने वालों के प्रवेश वर्जित का बोर्ड

संचार जगत



लखनऊ। प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री की भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद गहराता जा रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए धीरेंद्र शास्त्री पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यदुवंशियों और रघुवंशियों, दोनों की भावनाएं आहत की गई हैं। अब ऐसे लोगों को न ब्रज में प्रवेश मिलेगा और न अवध में।

अखिलेश यादव ने यहां तक कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर नाकाबंदी का बोर्ड लगा देना चाहिए, जिस पर लिखा हो कि ईशनिंदा करने वालों का उत्तर प्रदेश की धर्मभूमि पर प्रवेश वर्जित है। सपा मुखिया ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इन्होंने यदुवंशियों और रघुवंशियों दोनों की भावनाएं आहत की हैं। अब इन्हें न ब्रज में प्रवेश मिलेगा, न अवध में।

अब न तो कोई सच्चा रघुवंशी इनका स्वागत करेगा, न सच्चा यदुवंशी। मध्य प्रदेश में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान राम और श्रीकृष्ण की तुलना करते हुए टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि उनके राम सीधे हैं, जबकि कृष्ण टेढ़े हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के नाम, स्वरूप और चाल-ढाल को भी इसी संदर्भ में टेढ़ा बताते हुए भगवान राम को हर लिहाज से सीधा बताया था। धीरेंद्र शास्त्री के इस कथन के सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया और धार्मिक व राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं शुरू हो गईं। विवाद बढ़ने के बाद बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने अपने बयान पर खेद जताते हुए हाथ जोड़कर माफी मांगी।

राहुल गांधी की इंसाफ रैली पर बरसे सतीश पूनिया

कहा-1984 का इंसाफ लेकर आते

संचार जगत



चंडीगढ़ । पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच, भाजपा नेता सतीश पूनिया ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की संगरूर जिले की इंसाफ रैली पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 1984 में जो कुछ हुआ था, उसे देश की जनता आज तक नहीं भूली है। चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत के दौरान सतीश पूनिया ने कहा कि राहुल गांधी को पंजाब में इंसाफ की बात करने से पहले 1984 के मामले पर जवाब देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अच्छी बात तो यह होती कि राहुल गांधी इस मामले में पंजाब की जनता के सामने जवाब लेकर आते। पूनिया ने कहा कि 1984 की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को लेकर आज भी सवाल उठते हैं। ऐसे में राहुल गांधी जब पंजाब आकर राज्य के हक की बात करते हैं, तो उन्हें पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। राहुल गांधी की ओर से पीएम मोदी को बहस की चुनौती दिए जाने पर सतीश पूनिया ने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को करीब 55 साल तक शासन करने का अवसर दिया है। ऐसे कई मुद्दे हैं, जिन पर आम नागरिक भी कांग्रेस से सवाल पूछते हैं, लेकिन पार्टी के पास उनके जवाब नहीं होते। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री से बहस करने से पहले अपनी ही पार्टी के भीतर देखना चाहिए और यह परखना चाहिए कि कांग्रेस की सरकारों ने क्या काम किया है।

सतीशन ने भर्ती विवाद को बताया चिंताजनक

संचार जगत



तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने केरल लोक सेवा आयोग भर्ती विवाद में सामने आ रहे खुलासों को चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य की प्रमुख भर्ती एजेंसी की साख को फिर से बहाल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएससी के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं और रिश्तेदारों की नियुक्ति करना आम जनता के साथ धोखे से कम नहीं है। कैबिनेट बैठक के बाद उन्होंने कहा कि हर दिन कई पीएससी परीक्षाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आ रही हैं। जो रिपोर्टें आ रही हैं, वे खतरनाक हैं। हमारा काम पीएससी की साख को बहाल करना है और हम ऐसा करेंगे। उन्होंने कहा कि जांच जारी रहने के कारण वे ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते। सही समय पर सब कुछ सामने लाया जाएगा।

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

कोरबा। छत्तीसगढ़ में कोरबा के कुसमुंडा के गेवरा-टीपर मार्ग पर स्कूटी और बाइक के बीच भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन सवार ट्रेलर की चपेट में आ गए। हादसे में बाइक सवार युवक ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गया, जबकि स्कूटी सवार युवती की भी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। बताया जा रहा है कि रेलवे अंडरब्रिज मरम्मत के लिए बंद होने से भारी वाहनों का दबाव टीपर मार्ग पर बढ़ गया था। इसी वजह से इस वैकल्पिक मार्ग पर यातायात काफी ज्यादा था। हादसे के बाद वैकल्पिक मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

छठ पूजा को लेकर नोएडा पुलिस अलर्ट, अधिकारियों ने यमुना घाट का किया निरीक्षण

संचार जगत



नोएडा। छठ पूजा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छठ पूजा के दौरान यमुना घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना शुरू कर दिया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में बुधवार को थाना सेक्टर-126 क्षेत्रांतर्गत स्थित यमुना घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आवागमन से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने घाट के आसपास की स्थिति का निरीक्षण करते हुए छठ पूजा के दौरान संभावित भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि छठ पूजा के दौरान घाट पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। छठ पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यमुना घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। ऐसे में घाटों पर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और सुचारु आवागमन की व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। पुलिस अधिकारियों के इस निरीक्षण को इसी दिशा में की जा रही तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है।

अमेरिका की जनता का संदेश साफ, उन्हें नहीं चाहिए ऐसा नेता जो लोगों को बांटेः ओबामा



संचार जगत

वाशिंगटन। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को जोर का झटका लगा है। कई अहम सीटों पर वो हार गई है। नतीजे सामने आने के बाद पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि ये जनता लोगों को बांटने की कोशिश करने वाली सियासत को नकार रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ओबामा ने कहा कि अमेरिकी जनता ने एक स्पष्ट संदेश दे दिया है। वो ये कि वो ऐसी राजनीति चाहते हैं जो लोगों को बांटने के बजाय उन्हें एकजुट करे, और ऐसे नेता चाहते हैं जो उनके सामने आने वाली चुनौतियों का ठोस समाधान प्रस्तुत कर सके। उन्होंने जीत का कारण साझा मूल्यों और एकजुटता से आगे बढ़ने की सोच को माना। ओबामा ने मध्यावधि चुनाव प्रचार में जुटे रहे कार्यकर्ताओं और वॉलंटियर्स का भी आभार जताया। उन्होंने अपने बयान में लोगों को भविष्य के लिए तैयार रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रशासन का कार्यकाल अभी दो साल और है। ऐसे में हमारा काम और अहम हो जाता है।

प्रशांत भूषण पर एफआईआर के बाद किरेन रिजिजू का हमला

संचार जगत



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तीखा बयान पोस्ट किया। किरेन रिजिजू ने कहा कि पहले भी इस प्रशांत भूषण ने एक फर्जी खबर फैलाई थी कि जज और मंत्री लंदन बैडमिंटन खेलने गए हैं। और उन्होंने इसके लिए माफी भी नहीं मांगी थी। यह भारत की छवि और भारत की संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट करने की साजिश का हिस्सा है। बता दें कि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण के खिलाफ रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का डिजिटल रूप से फर्जी वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

दो से अधिक बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहींः सुप्रीम कोर्ट

संचार जगत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दो से अधिक बच्चे होने पर दंड देने वाले कानूनों की प्रासंगिकता खत्म हो गई है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि भारत में प्रजनन दर लगातार घट रही है। ऐसे में इन कानूनों का अब कोई औचित्य नहीं रह गया है। इनकी फिर से समीक्षा की जरूरत है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने महाराष्ट्र के काकोडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव की अयोग्यता को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की, जिन्हें तीसरा बच्चा होने के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। अपनी टिप्पणी में कोर्ट ने कहा कि पिछले दो दशकों में भारत की जनसांख्यिकीय स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। पिछले कुछ दशकों में आए जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण जनसंख्या विस्फोट का डर अब नहीं रहा। इसका प्रमाण यह है कि प्रजनन दर 3 से घटकर 1.9 पर आ गई है। इसलिए, दो से अधिक बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाले कानून, मौजूदा हालात में शायद अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। इसलिए, अदालत ने महाराष्ट्र के एक कानून के तहत पूर्व सरपंच मंगला भीमराव के खिलाफ चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने 2003 के जावेद बनाम हरियाणा सरकार मामले में दिए गए फैसले को आगे समीक्षा के बड़ी बेंच के पास भेज दिया।

झारखंड में नहीं थम रहा हाथियों की मौत का सिलसिला

संचार जगत



रांची। झारखंड में हाथियों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामला पश्चिमी सिंहभूम के टंकुरा का है। यहां एक खेत में हाथी का शव मिला। पिछले दो महीनों में राज्य के अलग-अलग वन क्षेत्रों में हाथियों की मौत की चार घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के बड़ाजामदा ओपी क्षेत्र के टंकुरा बस्ती स्थित बुरमा टोली के पास ग्रामीणों ने खेत में एक हाथी का शव देखा। इससे पहले मंगलवार शाम करीब 20 हाथियों का झुंड गांव की सीमा में पहुंच गया था। ग्रामीणों के मुताबिक, उन्होंने वन विभाग को सूचना दी और मदद मांगी। लेकिन कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची।

इसके बाद ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभाला। वे पूरी रात जागकर हाथियों के झुंड को गांव से दूर भगाने में जुटे रहे। सुबह उन्हें खेत में एक हाथी मृत मिला। इससे पहले 28 अक्टूबर को लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बिशुनपुर जंगल में एक हाथी मृत मिला था।

पवार को अस्पताल से मिली छुट्टी

संचार जगत



पुणे। एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार को पुणे के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनकी तबीयत में सुधार हुआ है और अब उनकी हालत स्थिर है। रूबी हॉल क्लिनिक के मुख्य कार्डियोलॉजिस्ट, चेयरमैन और मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. परवेज के. ग्रांट के अनुसार, वे पुणे के अस्पताल से सीधे अपने मुंबई स्थित आवास के लिए रवाना हो गए हैं। उनकी बेटी और लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने भी यह जानकारी साझा की। सोमवार को खांसी और सीने में तकलीफ के कारण पवार को रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया था। वे राज्य में सूखे की स्थिति का जायजा लेने के लिए ग्रामीण इलाकों के दौरे पर गए थे। इस दौरे के दौरान, वे सूखा प्रभावित क्षेत्रों के किसानों से बातचीत कर रहे थे ताकि पानी की कमी, फसलों की स्थिति और खेती से जुड़ी चुनौतियों को समझ सकें। हालांकि, बेचैनी महसूस होने पर उन्होंने अपना दौरा बीच में ही रोक दिया और मेडिकल जांच के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

नशे के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू करेगा आरएसएस



संचार जगत

इंदौर। आरएसएस ने युवाओं के बीच नशीले पदार्थों के बढ़ते सेवन के खिलाफ सामाजिक जागरूकता प्रयासों को तेज करने और साथ ही संगठन में बड़े स्तर पर पुनर्गठन की योजना की घोषणा की है। अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में चर्चा के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने बताया कि संगठन ने हाल ही में 8 हजार 346 कस्बों और 5 हजार 28 समूहों में एक व्यापक संपर्क अभियान चलाया था, जिसमें 3 लाख 79 हजार 581 सामुदायिक नेताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। इस अभियान का एक मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना और हिंदू समाज के भीतर हर तरह के भेदभाव को पूरी तरह खत्म करना था। उन्होंने बताया बैठक में सामाजिक परिवर्तन के पांच चिन्हित क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रहे व्यक्तियों और संगठनों के साथ निरंतर जुड़ाव बनाए रखने की जरूरत पर बल दिया गया।

एक ही रात में पांच दुकानों के टूटे ताले

संचार जगत

अजमेर। अजमेर के कृष्ण गंज थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। उन्होंने एक ही रात में देव नारायण डेयरी सहित पांच दुकानों को निशाना बनाते हुए शटर और गल्लों के ताले तोड़ दिए। बदमाश दुकानों से नकदी और सामान चोरी कर फरार हो गए। वारदात के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश है। चोरों ने इसी रात क्षेत्र की चार अन्य दुकानों के ताले भी तोड़े हैं। वारदात के बाद डेयरी पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सामने आई है, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति दुकान के आसपास घूमता दिखाई दे रहा है। दुकानदारों का कहना है कि व्यस्त सड़क पर इस तरह लगातार चोरी की घटनाएं होना चिंता का विषय है। व्यापारियों ने कृष्ण गंज थाना पुलिस से मामले में शीघ्र कार्रवाई, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

अवैध रूप से भंडारित 50 कट्टे यूरिया जब्त



संचार जगत

कोटपूतली-बहरोड़। कृषि विभाग की टीम ने शाहजहांपुर में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित यूरिया के 50 कट्टे जब्त किए हैं। कट्टों पर किसी भी कंपनी का नाम अंकित नहीं होने तथा यूरिया के भंडारण के संबंध में अनियमितताएं पाए जाने पर विभागीय टीम ने जब्ती की कार्रवाई की। गोपनीय सूचना के आधार पर गठित टीम ने शाहजहांपुर में संबंधित प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। जांच के दौरान तन्वी सेल्स फर्म के प्रोपराइटर सोनू शर्मा द्वारा फर्म के सामने स्थित दुकान किराए पर लेकर उसमें लगभग 50 कट्टे यूरिया का भंडारण किया हुआ पाया। जांच में कट्टों पर किसी भी कंपनी का नाम अंकित नहीं पाया गया। इस पर विभागीय टीम ने उक्त 50 कट्टे यूरिया को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की।

खनिज अभियंता ने जीता स्वर्ण और रजत पदक



संचार जगत

उदयपुर। नई दिल्ली के तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट गेम्स 2026 में खान एवं भू-विज्ञान विभाग के खनिज अभियंता आरिफ एम. शेख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उदयपुर और पूरे राजस्थान का मान बढ़ाया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में क्रिकेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक और कैरम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल उत्सव का आयोजन सर गंगाराम अस्पताल एवं रीनल केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के सहयोग से किया गया, जिसका शुभारंभ उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने किया था। इस उपलब्धि पर खान एवं भू-विज्ञान विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और खेल प्रेमियों ने आरिफ एम. शेख को बधाई दी।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ रैली में कांग्रेस रही निशाने पर

संचार जगत



उदयपुर। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देशव्यापी अभियान लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ के तहत सूरजपोल चौराहे से रैली निकाली गई। रैली बापू बाजार होते हुए टाउनहॉल स्थित बैंक चौराहे पर पहुंची, जहां वह एक विशाल जनसभा में तब्दील हो गई। हाथों में तिरंगा और पार्टी का ध्वज लिए कार्यकर्ताओं ने एक नागरिक एक पहचान - भारत का वोट भारत की शान और आंदोलन नहीं विकास चाहिए जैसे नारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभा में रामलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या का लंबा इतिहास कांग्रेस का रहा है। अपने शासनकाल में कांग्रेस ने 92 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को अलोकतांत्रिक ढंग से बर्खास्त किया और आपातकाल लगाकर नागरिक अधिकारों का गला घोंटा। सभा में वक्ताओं ने कहा कि नकारात्मक राजनीति और धरने-प्रदर्शनों के बावजूद जनता केवल विकास और राष्ट्रहित के साथ खड़ी है, और 2029 में पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर ही देश भरोसा जताएगा।

ओम बिरला के ओएसडी को धमकी देने का मामले में कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल को पुलिस का नोटिस

संचार जगत



कोटा। पुलिस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विशेष अधिकारी राजीव दत्ता को कथित तौर पर धमकी देने के मामले में पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल को नोटिस भेजा। गुंजल ने कथित तौर पर दत्ता को ऐसी हालत में छोड़ने की धमकी दी थी कि वे आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाएं। अनंतपुरा पुलिस स्टेशन के सर्किल इंस्पेक्टर महेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गुंजल के आवास पर पहुंची और उन्हें नोटिस सौंपकर सात दिनों के भीतर पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन में पेश होने का निर्देश दिया। सीआई महेश कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित एक मामला पहले ही रणपुर पुलिस स्टेशन में गुंजल के खिलाफ दर्ज किया जा चुका है। यह विवाद 21 अक्टूबर को कोलाना गांव में आयोजित एक जनसभा से उपजा है, जिसमें गुंजल ने कथित तौर पर राजीव दत्ता को खुली धमकी दी थी। कहा जाता है कि कांग्रेस नेता ने दत्ता का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे राजस्थान को कलंकित किया है। उनके बयान का वीडियो सामने आने के बाद कांस्टेबल और खुफिया अधिकारी पुष्पेंद्र चौधरी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पूर्व विधायक ने राजनीतिक बदले की भावना का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, गुंजल पर बिना अनुमति के मंदिर में सभा आयोजित करने, चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने, जनता को उकसाने और धमकी देने के आरोप हैं।

एसएमएस में 24 घंटे ड्यूटी देंगे डॉक्टर

संचार जगत



जयपुर। दीपावली पर सवाई मानसिंह अस्पताल की इमरजेंसी में 24 घंटे डॉक्टर रहेंगे। 6 से 11 नवंबर तक इन डॉक्टर्स की स्पेशल ड्यूटी लगी है। पटाखों या अन्य कारणों से आंख, चेहरे या शरीर के अन्य हिस्से में जलने या खराब होने की घटनाओं को डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई है। इसके लिए एसएमएस के अधीक्षक ने आदेश जारी किए है। इसमें इमरजेंसी मेडिसिन में आंख, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जन, न्यूरोसर्जन और एनिस्थिसिया के डॉक्टर रहेंगे। हर डिपार्टमेंट से हर समय एक-एक असिस्टेंट प्रोफेसर और एक-एक सीनियर रेजीडेंट डॉक्टर तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी बर्न या दूसरे एक्सीडेंट केस के आने तुरंत ट्रीटमेंट किया जा सके। जबकि सामान्य दिनों में इमरजेंसी में केवल जनरल मेडिसिन और जनरल सर्जरी के अलावा कार्डियक डिपार्टमेंट से जुड़े डॉक्टरों की ही ड्यूटी रहती है। लेकिन दीपावली या अन्य त्यौहारों पर दूसरे डिपार्टमेंट से भी डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाती है।

हाईकोर्ट की वेबसाइट पर फर्जी जमानत आदेश दिखा



संचार जगत

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर एनडीपीएस मामले के आरोपी कलविंदर सिंह को जमानत देने का कथित आदेश दिखा। कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया था। 26 अक्टूबर 2026 की तारीख वाला आदेश वेबसाइट पर अपलोड मिला है। फिलहाल किसी अधिकारी ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। शुरुआती जांच की जा रही है। मामला श्रीगंगानगर जिले के राजियासर थाने में दर्ज एनडीपीएस केस से जुड़ा है। आदेश की जानकारी मिलने पर हाईकोर्ट प्रशासन ने मामला मुख्य न्यायाधीश के सामने रखा। बताया जा रहा है कि जिस न्यायाधीश के नाम से आदेश जारी दिखाया गया, वे उस तारीख को खंडपीठ में सुनवाई कर रहे थे। आदेश में दी गई जमानत याचिका संख्या भी हाईकोर्ट में दर्ज नहीं है। कलविंदर सिंह से जुड़े तीन अलग-अलग आदेश अलग-अलग तारीखों में वेबसाइट पर अपलोड किए गए। हाईकोर्ट प्रशासन इन सभी की जांच कर रहा है। आशंका है कि आरोपी कथित फर्जी आदेश के आधार पर सूरतगढ़ जेल से रिहा हो गया और संभव है कि देश भी छोड़ चुका हो। इन बातों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दो अफसरों की 3 माह तक कटेगी 50 प्रतिशत सैलरी



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी गुरुग्राम में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। साथ में हैं उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक श्री मुकेश शर्मा और गुरुग्राम के उपायुक्त श्री उत्तम सिंह। (04.11.2026)

गुरुग्राम। हरियाणा में सरकारी स्कूलों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक की योजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत दिसंबर 2027 के अंत तक 400 से अधिक सरकारी स्कूलों को नए भवन उपलब्ध करवाए जाएंगे। गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान एक स्कूल के भवन के जीर्णोद्धार से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं मिलें। बैठक में 15 परिवाद में से 11 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि शेष 4 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए।

रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध विस्फोट, स्लीपरों में आई दरारें

संचार जगत



श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले के रामसिंहपुर में रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध विस्फोट जैसी घटना सामने आने के बाद इलाके में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है। राहत की बात यह है कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और न ही किसी ट्रेन को नुकसान पहुंचा है। इस मामले में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले के रामसिंहपुर में रेलवे लाइन के पास विस्फोट जैसी घटना की सूचना मिली है। घटना से करीब एक घंटे पहले वहां से एक यात्री ट्रेन गुजरी थी। इसके बाद यह घटना हुई। रेलवे ट्रैक के लोहे वाले हिस्से को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, हालांकि ट्रैक के नीचे लगे स्लीपरों में दरारें आई हैं। जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि जिसने भी इस तरह की हरकत करने का दुस्साहस किया है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति सामान्य है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और रेल परिचालन को भी कोई नुकसान पहुंचने की सूचना नहीं है। बता दें कि मंगलवार रात अनूपगढ़ से सूरतगढ़ की ओर जाने वाली ट्रेन के गुजरने के कुछ देर बाद रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद घटनास्थल पर जांच करने पर पटरी के नीचे बने सीमेंट के दो पिलर टूटे हुए मिले। दोनों पिलरों को काफी नुकसान पहुंचा है और उनका सरिया बाहर दिखाई दे रहा है।

केरल सरकार ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जांच को दी मंजूरी



संचार जगत

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ 2006 के एक मामले को लेकर जांच की मंजूरी दे दी गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2006 में केरल के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी रहते हुए सरकारी कॉन्ट्रैक्ट बिल पास करने के लिए 2 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन से सलाह लेने के बाद जांच की मंजूरी दे दी है। यह जांच कॉन्ट्रैक्टर वी.ओ. साजन की शिकायत और खुलासे के बाद की जाएगी। वी.ओ. साजन ने आरोप लगाया था कि ज्ञानेश कुमार ने पेंडिंग बिल पास करने के लिए मलेशियाई इंजीनियर ली सी बिन से 2 करोड़ रुपये की मांग की थी।

कांग्रेस ने कमिश्नर को दिया नोटिस



संचार जगत

अजमेर। अजमेर नगर निगम में विशेष साधारण सभा बुलाने की मांग को लेकर विवाद गहरा गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को कमिश्नर गौरव बुढ़ानिया से मुलाकात की। पार्षदों ने विशेष साधारण सभा नहीं बुलाने पर विरोध जताते हुए कमिश्नर को लीगल नोटिस सौंपा। कांग्रेस ने राजस्थान नगरपालिका अधिनियम की धारा 51 का हवाला देते हुए बैठक बुलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांग पर कार्रवाई नहीं होने पर कानूनी लड़ाई आगे बढ़ाई जाएगी।

खाटूश्याम धाम दीपावली के दिन रहेगा बंद



संचार जगत

सीकर। सीकर जिले में स्थित श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से खाटूश्याम जी का धाम 8 नवंबर को बंद रहेगा। खाटूश्याम मंदिर के कोषाध्यक्ष रवि सिंह चौहान ने बताया कि दीपावली पर्व पर बाबा श्याम के पट बंद रहेंगे। 8 नवंबर को श्री श्याम प्रभु की विशेष सेवा-पूजा होने के कारण, श्री श्याम प्रभु के दर्शन 7 नवंबर को रात्रि 10 बजे से दिनांक 8 नवंबर को शाम 5 बजे तक दर्शनार्थियों के लिए बंद रहेंगे। मंदिर कमेटी के अनुसार, दीपावली की पूजा और मंदिर की विशेष साफ-सफाई व सजावट की जाती है। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व पर पूरे मंदिर परिसर को भव्य रोशनी, फूलों और दीयों से आकर्षक रूप से सजाया जाता है। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया जाता है और विधि-विधान से आरती संपन्न होती है।

दीपावली पर प्रदेश के अस्पताल अलर्ट मोड पर



संचार जगत

चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दीपावली के दौरान अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने और आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने के लिए विशेष सलाह जारी की है। त्योहार के समय पटाखों और अन्य हादसों के कारण जलने और सांस संबंधी समस्याओं के मामलों में बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए उन्होंने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में बर्न-वार्ड अलग से तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। आपातकालीन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ब्रोंकोडायलेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर और बर्न ट्रीटमेंट किट जैसी आवश्यक दवाओं व चिकित्सा आपूर्ति का पहले से ही प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया है। आतिशबाजी या किसी भी प्रकार दुर्घटना के शिकार लोगों का त्वरित इलाज संभव हो सके, इसके लिए सभी सरकारी अस्पतालों में 20 से अधिक बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

संचार जगत



कोटपूतली-बहरोड़। त्योहारी सीजन के मद्देनजर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मावा निर्माण इकाइयों एवं मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान जय भवानी मावा भंडार का निरीक्षण कर मावा एवं कलाकंद के नमूने लिए गए। निरीक्षण में प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई का स्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित फर्म को सुधार सूचना पत्र जारी कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ हाजीपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का निरीक्षण कर मावा एवं कलाकंद के नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं भारत मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर प्रतिष्ठान संचालक को खाद्य सामग्री के निर्माण एवं भंडारण के दौरान स्वच्छता बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के साथ ही मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं मिलावट के प्रति जागरूक किया गया। विभाग द्वारा मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा एवं नेहा शर्मा मौजूद रहे।

बीकानेर की हवा हुई जहरीली

बीकानेर। बीकानेर की हवा की क्वालिटी खराब श्रेणी में दर्ज की गई है, जिसने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 235 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। पिछले वर्षों में भी सर्दियों के दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर बढ़ता रहा है। अब प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने स्थिति को देखते हुए परिवहन विभाग और औद्योगिक इकाइयों को सावधानी बरतने और प्रदूषण पर नियंत्रण के निर्देश देने की तैयारी की है। राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के बीकानेर रीजनल मैनेजर राजकुमार मीणा ने बताया- वर्तमान में बीकानेर का एक्यूआई 235 है। यह खराब श्रेणी में है।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

चैंपियन रायबाकिना के लिए राह मुश्किल

नई दिल्ली/संचार जगत

दुनिया की नंबर 1 और डिफेंडिंग चैंपियन एलेना रायबाकिना को डब्ल्यूटीए फाइनल्स के नॉकआउट स्टेज तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ता दिया गया है। 27 साल की इस खिलाड़ी को ग्रुप 1 में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की अमेरिकी जोड़ी और विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा के साथ रखा गया है। इस इवेंट में दुनिया की टॉप 8 महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो चार-चार खिलाड़ियों के ग्रुप में बांटा गया है, जो 8 नवंबर से शुरू होने वाले राउंड-रॉबिन इवेंट में आमने-सामने होंगी, जिससे चार सेमीफाइनलिस्ट तय होंगे। सेमीफाइनल 14 नवंबर को खेले जाएंगे, और जीतने वाली टीमें 15 नवंबर को टाइटल के लिए आमने-सामने होंगी।

- 8 नवंबर से मैदान पर उतरेगी शीर्ष आठ खिलाड़ी
- ग्रुप-1 में गॉफ, पेगुला और नोस्कोवा की चुनौती

पिछले दो मेजर चैंपियन, रायबाकिना और नोस्कोवा के बीच 2026 की पहली मुलाकात, डब्ल्यूटीए फाइनल्स की शुरुआत होगी। मार्च में इंडियन वेल्स चैंपियनशिप मैच में आर्यना सबालेंका से हारने वाली रायबाकिना 2013-14 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टाइटल को सफलतापूर्वक डिफेंड करना चाहती हैं।



पहला वनडे : भारत ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

तूफानी रफ्तार और 'किंग' कोहली का जलवा, न्यूजीलैंड पांच विकेट से पस्त

नई दिल्ली/संचार जगत

तेज गेंदबाजों के कमाल और विराट कोहली की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने बुधवार को बारिश से प्रभावित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (70 रन देकर 4 विकेट), गुरनूर बराड़ (44 रन देकर 3) और अंशुल कंबोज (10 ओवर में 22 रन देकर 2) ने मिलकर 9 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 40.2 ओवर में 185 रन पर ढेर कर दिया।



बारिश के कारण रूका मैच

बारिश के व्यवधान से एक घंटे से अधिक समय तक खेल नहीं हो पाने के कारण भारत के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में 167 रन का लक्ष्य रखा गया। इसके बाद 2.1 ओवर का खेल ही हो पाया था कि फिर से बारिश आ गई। खेल शुरू होने पर भारत को 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया गया। भारत ने कोहली (51 गेंद पर 74 रन, 13 चौके, एक छक्का) और कप्तान शुभमन गिल (37) के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की मदद से 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया।

11वें नंबर पर टिकनर की तूफानी पारी

न्यूजीलैंड की तरफ से सीफर्ट ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि 11वें नंबर के बल्लेबाज टिकनर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 4 छक्कों की मदद से 34 और ग्लेन फिलिप्स ने 30 रन का योगदान दिया। अर्शदीप ने एकदम सही लेंथ पर गेंदबाजी की जबकि गुरनूर और कंबोज में बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। अंशुल ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उनकी 48 गेंद पर कोई रन नहीं बना। अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड पहले 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 45 रन ही बना पाया। गुरनूर के दो विकेट में लैथम का विकेट भी शामिल था, जिनका उन्होंने अपनी ही गेंद पर एक हाथ से रिटर्न कैच लिया।

शून्य पर आउट हुए रोहित

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया, जो खाता भी नहीं खोल पाए। रोहित ने काइल जैमीसन की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर ड्राइव करने के प्रयास में मिड ऑफ पर खड़े मिचेल सैंटनर को कैच थमा दिया।

भारत के 22 रन के अंदर गिरे 4 विकेट

भारत ने हालांकि जिस तरह से 22 रन के अंदर चार विकेट गंवाए वह टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। पहली बार जब बारिश के कारण खेल रुका तब भारत ने एक विकेट पर 54 रन बनाए थे। दूसरे व्यवधान के समय उसका स्कोर 1 विकेट पर 64 रन था। भारतीय बल्लेबाजों विशेषकर कोहली ने दो बार व्यवधान के बावजूद अपनी एकाग्रता भंग नहीं होने दी और सहजता से रन बटोरे। कोहली शुरू से आक्रामक होकर खेल रहे थे और उन्होंने चौकों की झड़ी लगाने में कोताही नहीं बरती। अब केवल वनडे प्रारुप में खेलने वाले कोहली ने ब्लेयर टिकनर की गेंद पर छक्का लगाया और इसी गेंदबाज के अगले ओवर में चौका लगाकर 35 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

रग्बी खिलाड़ी मेलामु ने कोहली, रोहित और गिल को भेंट की विशेष जर्सी



ऑकलैंड। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए 132 मैच खेलने वाले मेलामु ऑल ब्लैक्स (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु 2011 और 2015 में रग्बी विश्व कप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की।

कोहली से आगे निकले गिल

गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 37 रन बनाकर कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया और बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 पारियों में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने। गिल ने वनडे में बतौर कप्तान अब तक 15 पारियों में 81 की औसत से कुल 975 रन बनाए हैं तो वहीं विराट कोहली ने कप्तान के तौर पर वनडे में अपनी पहली 15 पारियों में 75 की औसत से 972 रन बनाए थे। वहीं इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर भी हैं, जिन्होंने पहली 15 पारियों में 52 की औसत के कप्तान के तौर पर कुल 728 रन बनाए थे। रोहित शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 इनिंग में 63 के एवरेज से 697 रन बनाए थे जबकि 5वें नंबर पर मौजूद मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 62 की औसत से इतनी पारियों में कुल 620 रन बनाए थे।

पेरिस मास्टर्स : जोकोविच ने वैचेरोट को दी मात



पेरिस। रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में खराब शुरुआत से उबरकर जीत हासिल की। पुरुषों के रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने पहले दौर में वैलेंटीन वैचेरोट को 6-7 (5), 7-5, 6-1 से हराया। जोकोविच ने अपने करियर का 103वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं। रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है जिन्होंने 109 खिताब जीते हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने कैमरन नॉरी को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने बेंजामिन बोंजी पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में फ्रांस के मोइज कौमे को नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-1 से और 2022 के चैंपियन होल्गर रूने को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

खबर संक्षेप



विश्व चैंपियनशिप में भारत को झटका, शांभवी अयोग्य करार

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी दल को दोहा आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के दौरान करारा झटका लगा जब राइफल निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा से अयोग्य करार दिया गया। प्रतियोगिता में भाग ले रही 63 टीमों (126 निशानेबाजों) में से सिर्फ भारतीय जोड़ी पार्थ माने और शांभवी को ही अयोग्य करार दिया गया। पांच महीने में दूसरी बार शांभवी उपकरण संबंधी नियमों के उल्लंघन की दोषी पाई गई हैं। इससे पहले जून में जर्मनी में जूनियर विश्व चैम्पियनशिप के दौरान भी वह इसी तरह अयोग्य करार दी गई थी। दोहा विश्व चैंपियनशिप से 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के क्वालीफिकेशन चक्र की शुरुआत भी होगी।

चेन्नई ओपन : माया और वैष्णवी ने किया उलटफेर



चेन्नई। भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती और वैष्णवी अडकर ने चेन्नई ओपन में उलटफेर करके पहली बार डब्ल्यूटीए टूर में जीत हासिल की। माया ने जहां तीन सेट के मुकाबले में विश्व में 115वें नंबर की खिलाड़ी और यहां आठवीं वरीयता प्राप्त कटारजीना कावा को उलटफेर का शिकार बनाया, वहीं वैष्णवी ने निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्रिटेन की जोडी बुरेज को 3-6 6-3 7-5 से हराया।

कोरिया ओपन : दूसरे दौर में अनमोल और तन्वी, प्रणय हारे

यिओसु। भारत की अनमोल खरब और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अनमोल ने पहले दौर के मुकाबले में कनाडा की रेचल चान को सीधे गेम में 21-19, 21-18 से हराया। उन्हें अगले दौर में जापान की दूसरी वरीय अकाने यामागुची की कड़ी चुनौती का सानमा करना है। ताइपे ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाली तन्वी ने दूसरा गेम गंवाने के बाद कड़े मुकाबले में जापान की मनामी सुइजु को 21-16, 12-21, 21-17 से हराया। तन्वी अगले दौर में जापान की पांचवीं वरयी हिना अकेची और चीन की शू वेन जिंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। एचएस प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ 15-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ध्रुव और मनीषा की जोड़ी को भी कड़े मुकाबले में झू यी जुन और ली चियान की चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ 22-20, 12-21, 22-24 से शिकस्त झेलनी पड़ी।



रणजी ट्रॉफी : चिन्मय सुतार ने 8 दिन में तोड़ा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड

400 के बाद अब लगातार दो शतक



नई दिल्ली/संचार जगत

चिन्मय सुतार का रणजी ट्रॉफी रनों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है। उन्होंने चौथे राउंड में मिजोरम की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में 175 रन की पारी खेली। यह उनका चार फर्स्ट क्लास मैचों में लगातार तीसरा शतक रहा। वे पहले मुकाबले में महज एक रन से शतक से चूक गए थे और 99 पर आउट हो गए थे। इन पारियों के जरिए चिन्मय सुतार फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रनों के नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। उन्होंने 11 अक्टूबर को मणिपुर के खिलाफ मुकाबले से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कदम रखा था। पिछले 8 दिनों यानी 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक उन्होंने चार विश्व रिकॉर्ड फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बना दिए।

चिन्मय ने 28 अक्टूबर को मिजोरम और मेघालय के बीच मैच के दौरान 125 रन की पारी खेली। यह उनका दूसरा शतक रहा। इससे लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने विल पोंसफॉर्ड का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने चार फर्स्ट क्लास पारियों में 429, 162, 19 और 6 रन के स्कोर के जरिए कुल 616 रन बनाए थे। चिन्मय ने 35, 99, 400 और 125 रन के जरिए लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में 659 रन बना दिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू के चार पारियों में यह सर्वाधिक रन का वर्ल्ड रिकॉर्ड रहा।

19 नवंबर से महिला चैंपियंस ट्रॉफी भारत का पहला मैच मलेशिया से

नई दिल्ली/संचार जगत



भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरा और कुल मिलाकर चौथा खिताब जीतने की कवायद में 19 नवंबर से भोपाल में शुरू होने वाले 6 देशों के टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह टूर्नामेंट भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में बने नए हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें भारत, जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की टीमें भाग लेंगी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम का यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम ने 2016, 2023 और 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें प्रत्येक टीम अन्य पांच टीमों से एक बार भिड़ेंगी। लीग चरण के अंत में शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

कर्नाटक की असम पर बड़ी जीत

कर्नाटक को मिले बोनस सहित 7 अंक

नई दिल्ली/संचार जगत



मनवंत कुमार के नाबाद शतक के बाद स्पिनर श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी की शानदार गेंदबाजी के दम पर कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी के तीसरे दिन असम को पारी और 314 रन से करारी शिकस्त दी।

कर्नाटक को इस मैच में बोनस सहित 7 अंक मिले, जिससे उसके 16 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। कर्नाटक ने सुबह अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 496 रन से आगे बढ़ाई और 6 विकेट पर 577 रन बनाकर घोषित की। इस तरह से उसने 442 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। पहली पारी में 135 रन बनाने वाली असम की टीम दूसरी पारी में केवल 128 रन बना पाई।

बार्सिलोना की एस्टन विला पर शानदार जीत

नई दिल्ली/संचार जगत



बार्सिलोना ने यूईएफए चैंपियंस लीग में एस्टन विला के लगातार जीत के सिलसिले को रोक दिया है। कैंप नोउ में खेले गए मुकाबले में बार्सिलोना ने एस्टन विला पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। बार्सिलोना ने जोआओ गोम्स की डिफेंसिव चूक का फायदा उठाकर सातवें मिनट में ही बढ़त बना ली। बॉक्स के अंदर मिडफील्डर की गलत जगह पर गिरी गेंद यामल के पास आई। यामल मौका नहीं चूके और टीम के लिए पहला गोल कर दिया। यामल का यह 14वां चैंपियंस लीग गोल था। इस गोल के साथ वह कॉम्पिटिशन में एम्बाप्पे को पीछे छोड़ते हुए सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनाई एमरी की टीम शुरुआती झटके से घबराई नहीं और इंटरवल से पहले बराबरी करने के कई मौके बनाए। मैटी कैश और विक्टर लिंडेलोफ दोनों ने बार्सिलोना के डिफेंस को परखा, जबकि जोहान मंजांबी और गोम्स भी गोल करने के करीब पहुंच गए। हालांकि, गोलकीपर जोआन गार्सिया और होम डिफेंस ने विला को दूर रखा।

- यूईएफए चैंपियंस लीग : यामल ने एम्बाप्पे को पीछे छोड़ा

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने तोड़ा हार का सिलसिला

नई दिल्ली/संचार जगत



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने दो गोल से पीछे रहने के बावजूद ओल्ड ट्रैफर्ड में शानदार वापसी करते हुए यूईएफए चैंपियंस लीग में रोमा को 3-2 से हराया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस जीत के साथ लगातार 9 मैचों में हार के सिलसिले को समाप्त किया। मटियास सोले ने मेहमान टीम के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद डोनियल मालेन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर शुरुआती 17 मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। इन दो गोलों ने मैनचेस्टर यूनाइटेड पर दबाव बढ़ा दिया। यूनाइटेड के खिलाड़ियों को इसके बाद अपने समर्थकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

पिच पर हरी टेनिस बॉल फेंकी गई और फुटबॉल डायरेक्टर जेसन विलकॉक्स के खिलाफ नारे लगाए गए। यूनाइटेड की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब मिडफील्डर कार्लोस बालेबा को हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई, जिससे कैरिक की पहले से ही मुश्किल शाम में एक और चिंता बढ़ गई। हालांकि, कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस ने पेनल्टी को गोल में बदलकर यूनाइटेड की मैच में वापसी कराई। हालांकि, क्षेत्र के अंदर एक उल्लंघन के बाद उन्हें स्पॉट-किक दोबारा लेनी पड़ी क्योंकि उनकी पहली कोशिश बेकार हो गई थी।

आईआरजीसी ने रणनीतिक समुद्री मार्ग पर लिया बड़ा फैसला

भारत के जहाजों को होर्मुज से गुजरने की छूट

कमर्शियल शिप्स को समुद्री मार्ग पर लागू प्रतिबंधों से छूट देने का फैसला

नई दिल्ली/संचार जगत

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर राहत भरी खबर है। ईरान ने इस रास्ते से होकर गुजरने वाले भारतीय जहाजों को छूट देने का फैसला किया है। ईरान ने भारत के साथ ही चीन, इराक और कतर के कमर्शियल शिप्स को भी इस समुद्री मार्ग पर लागू प्रतिबंधों से छूट देने का फैसला किया है।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अमीर हयात-मोगद्दम ने ने इंटरव्यू मेंकहा कि भारत, चीन, इराक और कतर के जहाजों को अभी ट्रांजिट पाबंदियों से छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि हमने अभी भारत, चीन, इराक और कतर को होर्मुज स्ट्रेट में ट्रांजिट पाबंदियों से छूट दी है। इन देशों के जहाज़ आसानी से गुज़रते हैं, और अमेरिकी भी उन्हें रोकते नहीं हैं।



इन जहाजों को क्यो दी गई छूट

ये छूट ईरान की डिप्लोमैटिक, इकोनॉमिक जरूरतों से जुड़ी हैं। भारतीय जहाजों के लिए यह इंतज़ाम भारत से दवाओं के इम्पोर्ट को आसान बनाने किया था, जबकि चीनी जहाजों के लिए छूट का मकसद बीजिंग का राजनीतिक मदद हासिल करना था।

भारतीय, चीनी जहाजों से ईरान लेता है ट्रांजिट फीस

ईरान होर्मुज का इस्तेमाल करने वाले भारतीय और चीनी जहाजों से ट्रांजटि फीस लेता है। हालांकि, कतर के जहाजों को बिना चार्ज दिए गुजरने की इजाजत है। ईरान की ओर से यह ऐसे समय में आया है जब होर्मुज से गुजरने को लेकर मर्चेंट शिपिंग पर बैन हैं। होर्मुज फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। ईयू ने कहा कि आईआरजीसी नेवी ने एक सिस्टम शुरू किया है, जिसके तहत जहाजों को गुजरने की इजाजत लेने के लिए कार्गो और डेस्टिनेशन के बारे में जानकारी के साथ-साथ पहचान की जानकारी भी देनी होगी।

खाई में गिरा सेना का वाहन, दो जवान शहीद

लेह, आरएनएन। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में एनएच-01 पर नामिका ला दर्रे के पास बुधवार को सेना का एक भारी वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में वाहन चालक और सह-चालक सहित भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए। जिला पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव अभियान चलाया। गहरी खाई से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों जवानों के शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए शवों को सीएचसी, चिकतान पहुंचाया गया। इस संबंध में स्थानीय पुलिस थाना वाखा में बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

हमारी हार की वजह ईरान युद्ध : जेडी वेंस

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने रिपब्लिकन पार्टी को मध्यावधि चुनावों में मिली हार के लिए ईरान में चल रहे युद्ध को जिम्मेदार ठहराया है।

रिजल्ट से ट्रम्प ने बनाई दूरी

उपराष्ट्रपति वेंस एक ऑनलाइन पोस्ट में, इस चुनाव परिणाम से दूरी बनाने की कोशिश करते नजर आए, जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ एक जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा और जिसमें पूरे देश में रिपब्लिकन पार्टी को करारी शिकस्त मिली है। वेंस ने लिखा कि हमारी हार की वजह वह युद्ध है। उन्होंने कहा कि अगर लोग यह तर्क देना चाहते हैं कि अगले छह साल के लिए सीनेट पर अपना नियंत्रण खो देना सही है, तो बेशक ऐसा तर्क दें। आप सहमत हों या असहमत, कम से कम यह एक ईमानदार बात तो होगी। पूरे देश में डेमोक्रेट उम्मीदवारों ने रिपब्लिकन प्रत्याशियों को हर जगह शिकस्त दी , यहां तक कि कई ऐसी जगहों पर भी जहां से इसकी उम्मीद नहीं थी। वोटरों ने राष्ट्रपति की पार्टी को नकार दिया। प्रतिनिधि सभा और सीनेट, दोनों में ही उनके (डेमोक्रेट के) बहुमत का अंतर काफी बड़ा होगा।



दिवाली से पहले नीता ने पहनी राम नाम की साड़ी

श्री राम-जय राम, लक्ष्मी पदचिन्ह और ओम

मुम्बई, आरएनएन। दिवाली से पहले मुकेश और नीता अंबानी ने रिलायंस दिवाली उत्सव का आयोजन किया जिसमें मुकेश अंबानी, नीता और बड़ी बहू श्लोका अंबानी भी नजर आईं। इस पार्टी में सास-बहू दोनों अपने लुक से पूरी महफिल में छा गईं। सामने आई तस्वीर में नीता अंबानी ने रस्ट कलर की पारंपरिक और सुनहरे काम वाली बनारसी सिल्क साड़ी पहनी दिख रही है जिस पर बेहद खूबसूरत वर्क है। इस पूड़ी साड़ी पर सिल्क के धागे से राम नाम लिखा हुआ नजर आ रहा है। जबकि साड़ी के पल्लू में लक्ष्मी पदचिन्ह और ओम भी बना हुआ है।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव

रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा झटका, डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी का अंत, सीमित होंगे अधिकार, अमेरिकी नागरिक खुश, बोले 'ब्ल्यू सुनामी' की थी जरूरत

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। तीन नवंबर को हुए मतदान के नतीजों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों- सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में बहुमत हासिल कर लिया है। इसके साथ ही ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले दो वर्षों में चला आ रहा रिपब्लिकन पार्टी का संसद पर नियंत्रण खत्म हो गया है। अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्ल्यू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी।

यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि ट्रंप ने 2024 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद रिपब्लिकन पार्टी के लिए संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल किया था। इस तरह राष्ट्रपति पद के साथ कांग्रेस पर भी उनकी पार्टी का नियंत्रण था। अब मध्यावधि चुनाव के नतीजों ने यह स्थिति बदल दी है। सीनेट में रिपब्लिकन के सात सीटें गंवाने से सत्ता का समीकरण बदल गया। टेक्सास, कंसास, आयोवा, ओहायो और दक्षिण कैरोलिना जैसे राज्यों में डेमोक्रेट्स ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। गवर्नर चुनाव में भी चार रिपब्लिकन राज्यों में सत्ता बदली। भारतीय मूल के कई उम्मीदवार जीते, जबकि ट्रंप के करीबी विवेक रामास्वामी ओहायो में हार गए।

> *अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्ल्यू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी। डेमोक्रेट पार्टी को युवाओं ने ज्यादा वोट दिए। 57% महिलाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को और 41 प्रतिशत ने रिपब्लिकन पार्टी को वोट दिए। उम्र के हिसाब से 18 से 29 साल के 49 प्रतिशत युवाओं ने और 30 से 44 उम्र के 59 प्रतिशत युवाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट दिए। रिपब्लिकन पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ी वजहों में ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई आर्थिक परेशानियों को गिना जा रहा है।*

डेमोक्रेटिक पार्टी को युवाओं और महिलाओं ने ज्यादा वोट दिए

मतदाता ट्रंप की ओर से थोपे गए टैरिफ से भी अधिक परेशान थे



पोर्टलैंड में डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेट उम्मीदवार ट्रॉय जैक्सन की जीत से भावुक हुए लोग

महंगाई और पेट्रोल की बढ़ती कीमतें रहीं नाराजगी का बड़ा कारण

अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्ल्यू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी। डेमोक्रेट पार्टी को युवाओं ने ज्यादा वोट दिए। 57% महिलाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को और 41 प्रतिशत ने रिपब्लिकन पार्टी को वोट दिए। उम्र के हिसाब से 18 से 29 साल के 49 प्रतिशत युवाओं ने और 30 से 44 उम्र के 59 प्रतिशत युवाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट दिए। रिपब्लिकन पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ी वजहों में ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई आर्थिक परेशानियों को गिना जा रहा है। ट्रंप प्रशासन की ईरान नीति और सैन्य अभियान का असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर पड़ा। ऊर्जा बाजार में अस्थिरता, ईंधन की बढ़ती कीमतें और रोजमर्रा की जरूरतों का महंगा होना मतदाताओं की नाराजगी का बड़ा कारण बना। ईरान से लेकर भ्रष्टाचार तक को लेकर लोग नाराज रहे।

ट्रंप बोले- हम डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करेंगे



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिडटर्म चुनाव में आखिरकार अपनी हार मान ली है और कहा है कि वह नतीजों को स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ट्रंप ने मंगलवार रात (अमेरिकी समयानुसार) चुनावी नतीजे आने के दौरान कहा कि मैं इन नतीजों को स्वीकार करने के लिए तैयार हूं। हम डेमोक्रेट्स के साथ काम करेंगे और उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। हम संभवतः कोई न कोई रास्ता निकाल लेंगे।

चुनाव मैदान में होता तो जीतते

इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट कर के लिखा- "मैं चुनाव मैदान में नहीं था और अगर होता, तो हम भारी बहुमत से जीतते।"

गवर्नर चुनाव में चार राज्यों में सत्ता परिवर्तन

जार्जिया में पहली अश्वेत महिला गर्वनर, ओहायो में भी पहली बार



कीशा लांस एमी एक्टन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के दौरान 36 राज्यों में गवर्नर पद के लिए भी मतदान हुआ। यहां भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। जॉर्जिया, आयोवा, ओहायो और टेक्सास में रिपब्लिकन के कब्जे वाली गवर्नर सीटें डेमोक्रेट्स ने छीन लीं। जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कीशा लांस बॉटम्स ने रिपब्लिकन रिक जैक्सन को हराया। वह जॉर्जिया की पहली अश्वेत महिला गवर्नर होंगी। इस जीत के साथ उन्होंने अमेरिकी राजनीति में एक नया इतिहास बनाया है। ओहायो में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी एक्टन ने विवेक रामास्वामी को हराकर गवर्नर चुनाव जीत लिया।

ट्रंप 'राजनीतिक पंडित' बन हार-जीत पर देंगे राय, 'वीटो कैप' की पोस्ट



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई जिम्मेदारी निभाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अब हार जीत पर अपनी राय देंगे। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लाल रंग की टोपी पोस्ट की जिस पर 'वीटो' लिखा हुआ है। ट्रुथ सोशल पर उन्होंने लिखा कि अब मैं राजनीतिक 'पंडित' बनूंगा और उम्मीदवारों अच्छा और बुरा, दोनों तरह का राजनीतिक विश्लेषण कर बताऊंगा कि किन वजहों से उम्मीदवार जीते या हारे। इसके बाद उन्होंने लाल रंग की वीटो कैप भी पोस्ट की। ट्रंप ने चुनाव से पहले कहा था कि अगर डेमोक्रेट्स को बहुमत मिलेगी तो वो उनके लाए हर कानून पर वीटो लगाकर अपने अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा था कि हो सकता है कि लोग उन्हें 'मिस्टर वीटो' का खिताब दे दें।

भारतीय मूल के नेताओं का दबदबा

पिया डंडिया, सुहास, अरुणा मिलर ने दर्ज की जीत



पिया इंडिया, सुहास सुब्रमण्यम और अरुणा मिलर

अमेरिकी चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों का प्रदर्शन भी चर्चा में रहा। इस बार अलग-अलग पदों के लिए कम से कम 57 भारतीय मूल के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। इनमें डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों दलों के नेता शामिल थे।

पिया दांडिया: फ्लोरिडा की 22वीं कांग्रेसनल सीट से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार पिया दांडिया ने रिपब्लिकन उम्मीदवार केसी अस्कर को हराया। वह पेशे से स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल रही हैं।

सुहास सुब्रमण्यम: वर्जीनिया की 10वीं कांग्रेसनल सीट से डेमोक्रेटिक सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने दोबारा जीत दर्ज की। सुब्रमण्यम 2024 में वर्जीनिया से अमेरिकी

अरुणा मिलर: डेमोक्रेटिक पार्टी की मैरीलैंड की लेफ्टिनेंट गवर्नर अरुणा मिलर ने दोबारा जीत हासिल की। उन्हें एक बार फिर जनता ने लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में फिर से चुना है।

रो खन्ना: कैलिफोर्निया की 17वीं सीट से डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना भी जीते।

प्रमिला जयपाल: वॉशिंगटन राज्य की सातवीं सीट से डेमोक्रेटिक सांसद प्रमिला जयपाल जीतीं।

हालांकि, विवेक रामास्वामी और सरिता कोमाटिरेड्डी जैसे रिपब्लिकन चेहरों को हार मिली। रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी ओहायो के गवर्नर पद के उम्मीदवार थे। मैसाचुसेट्स से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर सीनेट चुनाव लड़ रहे शिवा अय्यादुरई को भी हार का सामना करना पड़ा।

ट्रंप के निशाने पर रहे नेताओं ने जीत का किया स्वागत



पेद्रो सांचेज

ट्रंप के निशाने पर रहे दुनिया के कुछ नेताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी की इस बड़ी जीत का स्वागत किया है। स्पेन के वामपंथी पीएम पेद्रो सांचेज ने कहा कि अमेरिकी मतदाताओं ने नफ़रत, जलवायु परिवर्तन को नकारने की सोच और विशेषाधिकार प्राप्त अभिजात वर्ग के ख़िलाफ़ वोट दिया है। वहीं, नॉर्वे के पीएम जोनास गार स्टोर ने कहा कि अमेरिका में ऐसी आवाजें उभर रही हैं, जिनके विचार ओस्लो के सिद्धांतों से ज़्यादा मेल खाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि इन चुनावों से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नए दौर की शुरुआत होगी।

खबर संक्षेप

दो दिवसीय दौरे पर काठमांडू पहुंचे मिसरी



काठमांडू। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर बुधवार को काठमांडू पहुंचे। नेपाल में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला और नेपाल के विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। माना जा रहा है कि यह दौरा नेपाली पीएम बालेंद्र शाह की आगामी भारत यात्रा की नींव तैयार करेगा। अपनी यात्रा के दौरान, मिसरी नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

रेल गुजरने के बाद ट्रैक पर धमाका, सभी सेफ



श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेलवे ट्रैक पर मंगलवार को जोरदार विस्फोट हुआ। यह घटना अनूपगढ़-सूरतगढ़ ट्रेन के गुजरने के तुरंत बाद हुई। विस्फोट से ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। कोई हताहत की खबर नहीं है, क्योंकि विस्फोट ट्रेन के गुजरने के बाद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों और रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल की जांच के बाद ही पूरी जानकारी सामने आएगी।

केदारताल ट्रैक एवलांच हादसा

6 की मौत, 2 की तलाश जारी, 8 लोग फंसे हुए थे



दीपिका वर्मा वर्तिका वर्मा

नई दिल्ली/संचार जगत

उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर एवलांच और बर्फबारी की चपेट में आने से लापता 8 लोगों में से अब तक 6 की मौत हो चुकी है। बुधवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान 4 और शव बरामद किए गए। इनमें लखनऊ के गायत्रीपुरम की ट्रैकर बहनें वर्तिका वर्मा और दीपिका वर्मा भी शामिल हैं।

इससे पहले मंगलवार को दो शव मिले थे। अब 2 लापता लोगों की तलाश जारी है। सर्च ऑपरेशन में आईटीबीपी को भी शामिल किया गया है। आईटीबीपी की टीम स्पेशल हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू अभियान चला रही है। वहीं, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, उत्तराखंड पुलिस, वन विभाग और नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (एनआईएम) की टीमें भी लगातार तलाशी में जुटी हैं। बुधवार को हेलिकॉप्टर से 4 शवों को मातली हेलीपैड पर उतारा गया। इसके बाद देहरादून के लिए रवाना हो गया।

बर्फबारी की वजह से रेस्क्यू में परेशानी

29 अक्टूबर को भोजखड़क और कच्ची ढांग के पास हिमस्खलन और बर्फबारी की चपेट में आने से 8 लोग लापता हो गए थे। इससे पहले रेस्क्यू टीमों को घटनास्थल के पास कुछ सामान भी मिला था। लापता लोगों में पश्चिम बंगाल के 5 ट्रैकर, उत्तर प्रदेश की 2 ट्रैकर और उत्तरकाशी के स्थानीय गाइड सिद्धार्थ राणा शामिल थे। खराब मौसम और लगातार बर्फबारी के कारण तलाशी अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। बता दें, 27 अक्टूबर को 13 सदस्यीय दल ट्रैकिंग पर निकला था- पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के 7 ट्रैकर, उत्तरकाशी के स्थानीय गाइड सिद्धार्थ राणा और 5 सपोर्ट स्टाफ समेत कुल 13 लोगों का दल 27 अक्टूबर को गंगोत्री से केदारताल ट्रैक के लिए रवाना हुआ था। दल को 29 अक्टूबर तक वापस लौटना था। वापसी के दौरान भोजखड़क और कच्ची ढांग के पास अचानक हिमस्खलन और बर्फबारी हुई।

4 सदस्य सुरक्षित पहुंचे गंगोत्री

30 अक्टूबर को दल के 4 सदस्य (3 नेपाली पोर्टर और कुक रोहन राणा) सुरक्षित गंगोत्री पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को 8 लोगों के लापता होने की जानकारी दी। इसके बाद 31 अक्टूबर से एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और वन विभाग की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मंगलवार को 2 शव बरामद किए गए। बुधवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान 4 और शव मिले। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2 की तलाश जारी है।

'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद-2026' में चीन का नाम लिए बिना राजनाथ सिंह बोले

कुछ देश महासागरों का गलत लाभ उठाना चाहते, क्षेत्रीय सहयोग से ही समाधान संभव

नई दिल्ली/संचार जगत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैश्विक समुद्री सुरक्षा वातावरण में बढ़ते तनाव के बीच, क्षेत्रीय साझेदारों के बीच आपसी निर्भरता और अधिक सुरक्षित तथा मजबूत बनाने का आह्वान किया है। इसके लिए उन्होंने आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने, भरोसेमंद समुद्री बुनियादी ढांचे के निर्माण, समुद्री जागरूकता बढ़ाने और आपसी सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया।

■ भारत एक व्यापक समुद्री ईकोसिस्टम विकसित करने में जुटा हुआ

उन्होंने कहा कि कुछ पक्ष और देश अपने संकीर्ण और एकतरफा लाभ के लिए महासागरों की इस महत्ता का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। जानबूझकर व्यापार में बाधाएं पैदा करने से वैश्विक समुद्री सुरक्षा का वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। हम नौवहन की स्वतंत्रता के सामने खुली चुनौतियां देख रहे हैं। समुद्री रास्तों को हथियारों की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। समुद्री क्षेत्र में बढ़ती यह अस्थिरता व्यापक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर भी गहरा असर डालती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि उभरते खतरों के साथ समुद्री सुरक्षा को भी विकसित होना चाहिए। आज के समय की मांग है कि नई तकनीकों का भरपूर इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीक देशों के बीच असमानता का एक और कारण नहीं बननी चाहिए, अगर इसका लाभ केवल कुछ ही लोगों को मिले, तो इससे सामूहिक मजबूती का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।

महासागरों को संसाधनों का असीमित स्रोत नहीं माना जा सकता

समुद्री क्षेत्र में आपसी निर्भरता मजबूत करने के लिए सहयोग जरूरी



राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन की स्मारिका को जारी करते राजनाथ सिंह व अन्य गणमान्य अतिथि

सार्थक बातचीत से सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा

राजनाथ सिंह ने यहां आयोजित 'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद में कहा कि विचार-विमर्शों से सार्थक बातचीत और व्यावहारिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा। हमें साझा चुनौतियों से साझा समझ की ओर, साझा समझ से साझा ज्ञान की ओर, और साझा ज्ञान से साझा अनुकूलन तथा साझा समृद्धि की ओर आगे बढ़ना चाहिए।

अनुसंधान, शिक्षा और नवाचार पर दिया जोर

रक्षा मंत्री ने अनुसंधान, शिक्षा, नवाचार और क्षमता निर्माण में सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी एक देश की मजबूत वैज्ञानिक क्षमता पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि में योगदान दे सकती है। उन्होंने छोटे समुद्री राष्ट्रों और विकासशील देशों के लिए इसे विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सबसे उपयोगी तकनीक का जरूरी नहीं; बल्कि वह तकनीक सबसे उपयोगी है जो किसी वास्तविक समस्या का समाधान करे।

तकनीक का लाभ सभी को मिले

राजनाथ सिंह ने कहा कि तकनीक को देशों के बीच असमानता का एक और कारण नहीं बनना चाहिए, क्योंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऐसे देश शामिल हैं जिनकी तकनीकी और आर्थिक क्षमता का स्तर अलग-अलग है। कुछ देशों के पास उन्नत अनुसंधान बुनियादी ढांचा है। वहीं, अन्य देश अब भी ऐसे संस्थागत और मानव संसाधन विकसित कर रहे हैं, जो इस बदलाव में पूरी तरह से शामिल होने के लिए जरूरी हैं। अगर तकनीकी प्रगति का लाभ केवल कुछ ही देशों को मिलता है, तो हम उस सामूहिक मजबूती को हासिल नहीं कर पाएंगे जिसकी हमारे क्षेत्र को जरूरत है।

समुद्री सुरक्षा में आ रहीं नई चुनौतियां

रक्षा मंत्री ने समुद्री सुरक्षा के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनौतियां केवल पारंपरिक सैन्य गतिविधियों से ही नहीं, बल्कि समुद्री डकैती, तस्करी, अवैध मछली पकड़ने, साइबर हमलों और प्राकृतिक आपदाओं जैसे गैर-पारंपरिक खतरों से भी आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा को भी बदलते समुद्री परिवेश के साथ विकसित होने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा को प्रोसेस करने के तरीके को बदल रहा है, जबकि स्वचालित प्रणालियां निगरानी और अभियानों की संभावनाओं का विस्तार कर रहे हैं। नए सेंसर महासागरों पर नजर रखने की हमारी क्षमता को बेहतर बना रहे हैं। लेकिन, केवल तकनीक ही इसका समाधान नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि हम वास्तविक चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक का उपयोग कैसे करते हैं।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।